हरिभूमि
# रायपुर भूमि





# दीपावली के बाद भी सरकारी दफ्तरों में दिवाली, गायब रहे अधिकारी-कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि की टीम दीपावली, राज्योत्सव सहित शनिवार और रविवार की चार दिन की लंबी छुट्टियों के बाद सोमवार को सरकारी दफ्तरों का हाल जानने पहुंची। पांचवे दिन सरकारी दफ्तर तो खुले, लेकिन विभागों में कामकाज प्रभावित रहा। साथ ही लोगों के काम भी नहीं हो पाए, क्योंकि दफ्तरों में अभी भी दीपावली जैसा ही माहौल है। चार दिन की लगातार छुट्टी पड़ने के कारण कई अधिकारी-कर्मचारी लंबी छुट्टियों में चले गए है, जिसके कारण कलेक्टोरेट में विभिन्न विभागों के कार्यालयों से लेकर तहसील, पंजीयन, जिला पंचायत ⏭ शेष पेज 13 पर

## चार दिन की छुट्टियों के बाद दफ्तरों के खुलने पर भी नहीं हो पाए लोगों के काम




**केस 1**

### तहसील कार्यालय में 11.30 बजे सिर्फ 2 तहसीलदार मिले

हरिभूमि की टीम ने सबसे पहले रायपुर तहसील कार्यालय पहुंची। यहां सुबह 11.30 बजे तक सिर्फ 2 तहसीलदार प्रेरणा सिंह और तुलसी राठौर ही अपने कोर्ट में बैठी मिली। इसके अलावा एसडीएम से लेकर अन्य सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार कार्यालय में नहीं मिले। तहसीलदार तुलसी राठौर ने बातचीत में बताया कि ज्यादातर तहसीलदारों की ड्यूटी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। इसके कारण दफ्तर में कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी कुछ देर बाद नया रायपुर जाने वाली हैं।

**केस 2**

### उपपंजीयकों सहित कई कर्मचारी गायब मिले

टीम ने दोपहर करीब 12 बजे पंजीयन दफ्तर में जाकर पड़ताल की। इस पड़ताल के दौरान वरिष्ठ उपपंजीयक देवराज साव, वंशपति सिंह सहित कई कर्मचारी गायब मिले। पंजीयन विभाग के एक लिपिक देवांगन ने बताया कि जो उप पंजीयक एवं कर्मचारी अनुपस्थित हैं, वे छुट्टी पर हैं।

**केस 3**

### जिला पंचायत कार्यालय में कई कर्मचारी गायब मिले

टीम करीब 12.30 बजे जिला पंचायत कार्यालय पहुंची। यहां अधिकारी के अलावा कई कर्मचारी गायब मिले। लोक यांत्रिकी विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, जिला कार्यक्रम विभाग में भी अधिकारी सहित कई कर्मचारी गायब मिले।

**केस 4**

### एसडीएम दफ्तर में बाबू सहित कुछ कर्मचारी गायब मिले

एसडीएम दफ्तर में एसडीएम के अलावा एक बाबू और कुछ कर्मचारी गायब मिले। पूछने पर बताया गया कि एसडीएम राज्योत्सव ड्यूटी में व्यस्त हैं, वहीं बाबू प्रमोद खेड़वे सहित अन्य कर्मचारी छुट्टी पर हैं। तहसीलदार तुलसी राठौर की कोर्ट में एक भी कर्मचारी नहीं मिला। इसी प्रकार तहसीलदार प्रेरणा सिंह की कोर्ट के बाजू में कर्मचारियों के दफ्तर के दरवाजे पर ताला लटका मिला। इस दफ्तर में लोग मूल निवास, जाति आदि प्रमाण पत्र बनाने के लिए आवेदन देते हैं।

## खबर संक्षेप




### तिल्दा हत्याकांड मामले के पांच आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** तिल्दा थाना क्षेत्र में तीन दिन पूर्व मनीष कुमार यादव की चाकू से निर्ममता से हत्या करने के आरोप में पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, मनीष की हत्या के आरोप में रामनारायण उर्फ नानू, दूजराम साहू, दुर्गेश ध्रुव, रवि विश्वकर्मा, चंद्रशेखर साहू को गिरफ्तार किया है। मनीष ने रामनरायण के भाई के साथ मारपीट की थी। इस बात से रामनारायण नाराज था। अपने भाई की पिटाई का बदला लेने रामनारायण ने साथियों से मिलकर गुरुवार-शुक्रवार दरमियानी रात चाकू मारकर मनीष की हत्या कर दी थी।

### बात नहीं मानने के विवाद पर युवक को पीटा

**रायपुर।** पंडरी थाने में एक युवक ने एक अन्य के खिलाफ बात नहीं मानने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, दलदल सिवनी निवासी धनेश्वर प्रसाद सार्वा ने हरीश यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धनेश्वर ने पुलिस को बताया कि वह कार वॉशिंग का काम करता है। रविवार को वह दशहरा मैदान घूमने के लिए गया था। इस दौरान हरीश ने धनेश्वर का रास्ता रोककर उस पर बात नहीं मानने का आरोप लगाते हुए मारपीट की।

### बुजुर्ग को सैर कराने ले जाकर दो लाख की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक बुजुर्ग ने अज्ञात के खिलाफ जान-पहचान बढ़ाकर अपने साथ सैर कराने ले जाने के बहाने घर की पेटी में रखे दो लाख रुपए नकद चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, मठपुरैना निवासी 78 वर्षीय सुखरू राम देवांगन ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। सुखरू ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व एक अनजान व्यक्ति उसके साथ जान-पहचान बढ़ाकर सुखरू को अपने साथ सैर कराने धमतरी ले गया। धमतरी में एक जगह सुखरू को चाय पिलाने के बहाने बैठाकर उसके बैग में रखी घर की चाबी चोरी कर वापस सुखरू के घर पहुंचकर, घर से नकदी रकम चोरी कर ले गया।

### सिगरेट पीने पैसे नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ सिगरेट पीने के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, संजय नगर निवासी पेशे से फ्लॉवर डेकोरेटर हर्ष दुबे ने करण तांडी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। हर्ष ने पुलिस को बताया कि करण उससे सिगरेट पीने पैसे मांग रहा था। इंकार करने पर करण ने हर्ष के साथ मारपीट की।

---

मौदहापारा के बदमाशों ने फायर करने पहले से की फील्डिंग

# जेल के अंदर चाकू से हमला, इसलिए बदला लेने फायरिंग, अरसे से चल रहा गैंगवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पिछले चार दिनों में नौ-नौ हत्या की घटना से लोग अभी उबर भी नहीं पाए कि इसी दौरान शहर के सबसे ज्यादा संवेदनशील इलाकों में से एक सेंट्रल जेल के बाहर फायरिंग की घटना ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। जेल पसिसर के बाहर फायरिंग की घटना को पुलिस गैंगवार से जोड़कर देख रही है। इसकी वजह सेंट्रल जेल में दो माह पूर्व हुई चाकूबाजी की घटना है। घायल साहिल ने भी पुलिस को बताया है कि जेल में चाकूबाजी की घटना के कारण उस पर जानलेवा हमला किया गया है।

गौरतलब है कि दो माह पूर्व मौदहापारा के बदमाश साहिल पर फायरिंग की घटना में घायल शेख साहिल ने जेल में चाकू से हमला किया था। इस घटना के बाद मौदहापारा के बदमाश के साथी नाराज थे। इसका बदला लेने उन लोगों ने साहिल को मारने का प्लान बनाया था। मौदहापारा के बदमाश संतोषी नगर के साहिल पर नजर रख रहे थे। मौदहापारा के बदमाशों को जैसे ही पता चला साहिल अपने भाई से जेल में मुलाकात करने जा रहा है। बदमाश सोमवार को हथियार से लैस होकर सेंट्रल जेल के बाहर मंडराने लगे। इसके बाद मौका मिलते ही उन्होंने साहिल पर दो राउंड फायर किया और मौके से फरार हो गए। फायरिंग की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश डिवाइडर फांदकर सड़क के दूसरी तरफ कूदे और सड़क की ⏭ शेष पेज 13 पर

## साहिल पहली बार अपने भाई से मिलने पहुंचा था जेल



**आईजी की बैठक के घंटेभर बाद फायरिंग**

हाल के दिनों में घटित हत्या सहित अन्य गंभीर वारदातों को लेकर आईजी अमरेश मिश्रा ने सोमवार को सुबह 10 बजे एसएसपी सहित सभी थानों के टीआई तथा राजपत्रित पुलिस अफसरों की बैठक बुलाई थी। अपराधों पर अंकुश नहीं लगा पाने वाले अफसरों पर आईजी फटकार लगाकर जैसे ही फारिग हुए, उसके एक घंटे बाद जेल परिसर के बाहर फायरिंग की घटना हो गई।

### अस्पताल के बाहर गहमा-गहमी

साहिल के परिचितों को जैसे ही फायरिंग की घटना की जानकारी मिली, उसके पड़ोस में रहने वाले तथा उसके परिचितों की अस्पताल परिसर के बाहर भीड़ लग गई। उनमें से कई साहिल से मिलने अस्पताल के अंदर जाने की कोशिश करने लगे, जिसे मौके पर उपस्थित सुरक्षा गार्ड अंदर जाने से रोकते नजर आए।

### सुरक्षा दावों की खुली पोल

जिस जगह फायरिंग की घटना घटित हुई है, वह जेल परिसर का बाहरी हिस्सा है। इसके साथ ही दौ सौ मीटर की दूरी पर गंज थाना के साथ क्राइम ब्रांच है। जेल प्रशासन जेल परिसर में पुख्ता सुरक्षा इंतजाम होने का दावा करता है। फायरिंग की घटना से साबित हो गया कि पुलिस तथा जेल प्रशासन सुरक्षा को लेकर कितने गंभीर हैं।

### दोनों पक्षों के खिलाफ कई गंभीर अपराध

एएसपी सिटी लखन पटले के मुताबिक फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले तथा फायरिंग की घटना में घायल के खिलाफ मौदहापारा, टिकरापारा थाना क्षेत्र में हत्या की कोशिश, एनडीपीएस, मारपीट सहित गंभीर अपराध दर्ज हैं। फायरिंग की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों के परिजनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इनमें महिलाएं भी शामिल हैं, जिनके खिलाफ भी पूर्व में थाने में अपराध दर्ज हैं।

### मामला गंभीर हो सकता था

जानकारों के मुताबिक जिस कट्टे से फायरिंग करने की बात सामने आई है, उस देशी कट्टे से अगर दूर से फायर किया जाता, तो मामला गंभीर हो सकता था। जानकारों के अनुसार 12 बोर के कट्टा से फायरिंग करने पर कारतूस का छर्रा तेजी से निकल कर फैलता है। नजदीक से फायरिंग होने की वजह से कारतूस से निकले छर्रे साहिल के चेहरा, छाती तथा गले में लगा।, इस वजह से साहिल को ज्यादा जख्म नहीं आए।

---

# बिगड़ती कानून व्यवस्था से अल्फा खफा, टीआई के साथ अफसरों की आईजी ने ली क्लास



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- चोरी के मामले में जब्त सामग्री का उल्लेख नहीं होने पर पंडरी टीआई निलंबित
- आईजी की बैठक में पुलिस अफसरों के साथ टीआई सहमे नजर आए

शहर की बिगड़ती कानून व्यवस्था से खफा रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने सोमवार सुबह 11 बजे जिले के सभी थानों के टीआई के साथ राजपत्रित अफसरों की बैठक बुलाई। बैठक में एसएसपी डॉ. संतोष सिंह भी उपस्थित रहे। अपराध पर अंकुश नहीं लगने पर आईजी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए गंभीर अपराध पर राजपत्रित पुलिस अफसरों को फील्ड पर जाने के निर्देश दिए।

आईजी ने बैठक में अफसरों को साफ शब्दों में कहा कि किसी भी घटना पर बड़े अधिकारी खुद ही फील्ड पर निकलें, टीआई के भरोसे न रहें। इसके साथ ही हाल के दिनों में घटित हत्या सहित अन्य गंभीर अपराध के मामलों को आईजी ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानों के टीआई तथा सीएसपी से वन टू वन बात कर जानकारी ली।

### पंडरी टीआई निलंबित

चोरी की जांच में लापरवाही बरतने पर आईजी ने पंडरी टीआई मल्लिका बैनर्जी को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। टीआई पर आरोप है कि चोरी के दर्ज मामले में पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी करने के साथ चोरी का माल बरामद कर लिया था। टीआई ने माल बरमादगी की जानकारी न तो अपने थाने को दी और न ही संबंधित थाना क्षेत्र विधानसभा जहां से माल बरामद किया था, वहां जानकारी दी। आईजी ने इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए पंडरी टीआई को निलंबित करने का आदेश जारी किया।

### एफआईआर नहीं लिखने पर फटकार

एक नवंबर की रात जांजगीर-चांपा जिले के भाजयुमो नेता के साथ लूट तथा उस पर चाकू से हमला मामले का सीसीटीवी फूटेज आने के बाद भी डीडीनगर थाने की पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इससे नाराज होकर आईजी ने डीडीनगर टीआई को जमकर फटकार लगाई। साथ ही टीआई को व्यवस्था सुधाने निर्देश दिए।

---

# शारीरिक शिक्षा विभाग में अब म्यूजिक टीचर! सुर-ताल में सिखाएंगे जुंबा करना, मिलेंगे डाइट टिप्स

- रविवि ने कार्यपरिषद की बैठक में पारित किया प्रस्ताव, एनसीटीई मापदंड के अनुसार व्यवस्था
- म्यूजिक टीचर व डायटिशियन 18 शैक्षणिक एवं 25 अशैक्षणिक पद स्वीकृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. रविशंकर शुक्ल विवि शारीरिक शिक्षा विभाग में म्यूजिक टीचर की नियुक्ति करने जा रहा है। इसके लिए कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया है। ना केवल म्यूजिक टीचर बल्कि डायटिशियन सहित 18 शैक्षणिक एवं 25 अशैक्षणिक पदों पर नियुक्तियां होंगी। इन पदों के लिए कार्यपरिषद की बैठक में स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, लेकिन फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया कब से प्रारंभ की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, नियमतः पदों की स्वीकृति के बाद प्रस्ताव उच्च शिक्षा विभाग को भेजा ⏭ शेष पेज 13 पर

### इसलिए व्यवस्था

शारीरिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीपीएड तथा एमपीएड पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं। इसकी डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थी शैक्षणिक संस्थानों में खेल शिक्षक के रूप में पदस्थ होते हैं। एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन द्वारा इन पाठ्यक्रमों के लिए नियम बनाए जाते हैं। एनसीटीई के मापदंड का पालन करते हुए ही इन पाठ्यक्रमों का संचालन करना होता है। इसे ध्यान में रखते हुए रविवि द्वारा नवीन पद सृजित किए जा रहे हैं।

### अंशकालीन हैं अधिकतर पद

18 शैक्षणिक पदों के अंतर्गत 2 प्रोफेसर, 4 एसोसिएट प्रोफेसर, 9 असिस्टेंट प्रोफेसर एवं 3 अंशकालिन असिस्टेंट प्रोफेसर के पद शामिल हैं। इसी तरह 25 अशैक्षणिक पदों में 3 स्पोर्ट्स ट्रेनर के अंशकालीन, अंशकालीन एक योगा ट्रेनर, एक अंशकालीन डाइटीशियन, एक लाइब्रेरियन, एक फिजियोथेरेपिस्ट, 4 ग्राउंड मेन/ मार्कर/ हेल्पर, एक अंशकालीन म्यूजिक टीचर, एक अंशकालीन आईसीटी इन्स्ट्रक्टर, टेक्निकल असिस्टेंन्ट 3 (1 अंशकालीन सहित), ऑफिस सुपरिंटेंडेन्ट, अकाउन्ट असिस्टेंट, ऑफिस असिस्टेंट, स्टोरकीपर और कंप्यूटर असिस्टेंन्ट के एक पद शामिल हैं। इसके अलावा हेल्पर अथवा अटेन्डेन्ट एवं लैब अटेंडेन्ट के 2 पद हैं। प्रस्तावित इन पदों में से जो पद रिक्त हैं, उनमें भर्ती की जाएगी।

---

# मौसम शुष्क होते ही तीन डिग्री तक लुढ़का शहर का पारा, उत्तरी इलाके में ठंड की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- चौबीस घंटे में 23 से लुढ़ककर 20.5 डिग्री पर आया न्यूनतम तापमान, हल्की ठंड

मौसम से नमी कम होने के बाद रात के तापमान में गिरावट का दौर शुरू हो गया है। पिछले चौबीस घंटे में शहर में रात का पारा तीन डिग्री तक नीचे आया है, जिससे सुबह के वक्त हल्की ठंड महसूस होने लगी है। अंबिकापुर सहित उत्तरी सीमा में तापमान 15 से नीचे जा चुका है, जिससे ठंड की शुरुआत हो चुकी है।

मौसम विशेषज्ञों की मानें तो आने वाले दिनों में बड़ा बदलाव तो नहीं होगा, मगर तापमान घटने का दौर जारी रहेगा ⏭ शेष पेज 13 पर

### चौबीस घंटे में मामूली गिरावट

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों द्वारा अगले चौबीस घंटे को लेकर संभावना जताई गई है कि शुष्क हवाओं के कारण प्रदेश में मौजूदा नमी की मात्रा में और कमी आएगी। न्यूनतम तापमान में मामूली गिरावट संभावित है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

### रायपुर 13, पेंड्रा 8 डिग्री तक

पिछले दस साल के अनुभव के आधार पर मौसम विभाग द्वारा तैयार किए गए आंकड़ों के अनुसार रायपुर का न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है। इस तापमान में भी शहर में सुबह और रात के वक्त ठंड का अनुभव होने लगता है। वहीं पेंड्रा तथा अंबिकापुर का तापमान आठ से नौ डिग्री तक पहुंचता है, जिससे अच्छी ठंड महसूस होने लगती है।

---

# सेंट्रल से वापस मिली मेडिकल की एक सीट एमबीबीएस-बीडीएस प्रवेश का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सेंट्रल पूल से शासकीय जेएन मेडिकल कालेज को एमबीबीएस की एक सीट वापस मिली है, जिसमें राज्य कोटे से एडमिशन दिया जाएगा। इस सीट सहित एमबीबीएस की 19 और बीडीएस की 285 सीटों पर प्रवेश का आज अंतिम दिन है। प्रवेश की अंतिम तारीख को पांच नवंबर तक बढ़ा दिया गया था।

मॉपअप राउंड पूरा होने के बाद राज्य के शासकीय मेडिकल कालेज में राज्य कोटे की तमाम सीटों पर एडमिशन हो गया था, मगर चार निजी कालेजों में 18 सीटें खाली रह गई थीं। इन सीटों पर एडमिशन के लिए स्ट्रे वैकेंसी राउंड का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रवेश की अंतिम तारीख पांच नवंबर है। निजी मेडिकल कालेजों में राज्य और एनआरआई कोटे की 2-2 तथा मैनेजमेंट कोटे की 14 सीट खाली हैं। इसी बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सेंट्रल पूल की एक सीट पर राज्य कोटे से एडमिशन कराने का निर्देश दिया गया है, जिसे स्ट्रे वैकेंसी राउंड में शामिल किया गया है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय से जुड़े सूत्रों के अनुसार मेडिकल की सभी सीटों पर एडमिशन हो जाएगा, मगर बीडीएस की साठ से ज्यादा सीटें खाली रहने का अनुमान है। चिकित्सा शिक्षा संचालक डॉ. यूएस पैकरा का कहना है कि पूरी स्थिति कल एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।



- शासकीय जेएन कालेज की है सीट, स्टेट कोटे से होगा एडमिशन
- एमबीबीएस की 19, बीडीएस की 285 सीटों पर दिया जाना है प्रवेश

### राज्य में बीडीएस की 580 सीट

दांतों का इलाज करने के लिए बीडीएस की पढ़ाई करने वाले छात्रों का प्रदेश में टोटा है। इस विषय के प्रति आकर्षण कम होने की वजह से राज्य में डेंटल कालेजों की संख्या में शासकीय के साथ निजी सेक्टर में किसी तरह की बढ़ोतरी नहीं की गई है। राज्य में एकमात्र शासकीय और पांच निजी दंत चिकित्सा महाविद्यालय हैं, जहां राज्य और प्रबंधन कोटे की 580 सीटें हैं। इन सीटों पर एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसके बाद भी पूरी सीटों के लिए छात्र कई सालों से नहीं मिल पाते हैं। वर्ष 2024-25 के एडमिशन में भी बीडीएस की पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों का टोटा नजर आ रहा है। बीडीएस के लिए नया पंजीयन की सुविधा देने के बाद भी पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार नहीं मिल पाए हैं।

---

# फर्जी डिग्री से पाई सरकारी नौकरी, महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फर्जी बी-लिब की अंकसूची के आधार पर ग्रंथपाल की नौकरी प्राप्त करने के मामले में जिला पंचायत रायपुर की शिकायत पर छह साल पहले महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 12 फरवरी 2017 को बेमेतरा जिले के ग्राम तेंदुआ की निवासी अनुसुईया पटेल के विरुद्ध गोलबाजार थाने में केस दर्ज किया गया था। एसएसपी के निर्देश पर गोलबाजार पुलिस टीम द्वारा आरोपी महिला की लगातार खोजबीन की जा रही थी। इस दौरान सोमवार को आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में लिया गया है।



**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने दीं छठ महापर्व की शुभकामनाएं

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्तर भारतीय और भोजपुरी समाज सहित समस्त प्रदेशवासियों को चार दिवसीय छठ महापर्व के शुभारंभ की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री साय ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छठ पूजा 5 नवंबर से नहाय-खाय के साथ शुरू हो रही है। छत्तीसगढ़ में सूर्य उपासना और छठी मईया के पूजन का यह पर्व आगामी 4 दिनों तक धूमधाम से मनाया जायगा। नहाय-खाय के साथ शुरू होकर यह पर्व खरना, संध्या अर्घ्य, प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ समाप्त होगा। उन्होंने छठी मइया से प्रार्थना करते हुए कहा है कि छठ पर्व सब के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।

### खाद्य मंत्री ने विकास प्रदर्शनी का लिया जायजा




**रायपुर।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयाल दास बघेल ने सोमवार शाम नया रायपुर स्थित राज्योत्सव स्थल पर खाद्य विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विधायक संपत अग्रवाल भी इस दौरान उनके साथ थे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री बघेल ने विभागीय स्टॉल में विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार और लोगों को जानकारी प्रदान करने लगाई गई प्रदर्शनी का जायजा लिया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्टॉल में आने वाले लोगों को अधिक से अधिक योजनाओं की जानकारी देने और इनका लाभ लेने के लिए प्रेरित करने को कहा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के स्टॉल में धान खरीदी और पीडीएस सहित कई योजनाओं के क्रियान्वयन और उपलब्धियों की जानकारी प्रदर्शित की गई है।

### 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की जयंती पर किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राष्ट्रवादी नेता, प्रसिद्ध वकील, प्रबुद्ध पत्रकार और महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'देशबंधु' चित्तरंजन दास की 5 नवंबर को जयंती पर उन्हें नमन किया है। राष्ट्र के लिए उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए श्री साय ने कहा कि भारत के स्वाधीनता संग्राम में देशबंधुजी ने अपनी एक स्वतंत्र छाप छोड़ी। उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और विचारों से समझौता नहीं किया। कई देशभक्तों की तरह उन्होंने भी असहयोग आंदोलन के अवसर पर अपनी वकालत छोड़ दी और अपनी सारी संपत्ति मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल को दे दी। वे अपनी तीक्ष्ण बुद्धि और पत्रकारीय दृष्टिकोण के लिए भी जाने जाते थे। देशवासी उन्हें प्यार से 'देशबंधु' कहते थे।

### राप्रसे के पदोन्नत अधिकारियों ने जताया सीएम का आभार




**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सोमवार को उनके निवास कार्यालय में राज्य प्रशासनिक सेवा के पदोन्नत अधिकारियों ने मुलाकात कर उनके प्रति आभार जताया। उल्लेखनीय है कि राज्य प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 64 अधिकारियों को प्रवर सेवा वेतनमान पर तथा कनिष्ठ सेवा वेतनमान पर कार्यरत 25 अधिकारियों को वरिष्ठ सेवा वेतनमान पर विगत 28 अक्टूबर को पदोन्नत किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य प्रशासनिक सेवा के सभी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्य प्रशासनिक सेवा से प्रणव सिंह, मनीष मिश्रा, नवीन कुमार ठाकुर, अभिलाषा पैकरा, विनायक शर्मा, अरुण वर्मा, गीता दीवान, अर्चना पांडेय, डॉ. दीप्ति वर्मा, मधु हर्ष, ऋतु हेमनानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# इस दीपावली में पियक्कड़ 6 दिन में गटक गए 52 करोड़ रुपए से अधिक की शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

इस दीपावली पर पियक्कड़ों ने शराब पीने में पिछले वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इस दीपावली पर धनतेरस से लेकर भाईदूज के दूसरे दिन तक यानी 6 दिनों में रायपुर जिले में 52 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक शराब की बिक्री हुई है, जबकि पिछले वर्ष की दीपावली में 6 दिनों में 47 करोड़ 82 लाख के करीब बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार के त्योहार में शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे आबकारी विभाग की कमाई भी बढ़ी है।



### साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई

आबकारी कार्यालय के अधिकारियों से मिले आकड़ों के अनुसार पिछले वर्ष की दीपावली त्योहार की तुलना में इस बार शराब की ज्यादा बिक्री हुई है, जिससे विभाग को साढ़े चार करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय हुई है। शराब की बिक्री का आंकड़ा बताता है कि इस बार के त्योहार में पियक्कड़ों ने खूब जाम छलकाया है, जिससे जिले में इस बार 36.5 प्रतिशत शराब की अतिरिक्त बिक्री हुई है।

### लक्ष्मी पूजा के दिन सबसे अधिक शराब की बिक्री

पिछले वर्ष की तुलना में इस बार के लक्ष्मी पूजा के दिन शराब की सबसे ज्यादा बिक्री हुई है। इस बार लक्ष्मी पूजा के दिन 11 करोड़ 48 लाख से अधिक की शराब की बिक्री हुई है। पिछले वर्ष 10 करोड़ 46 लाख से अधिक की बिक्री हुई थी। इस तरह इस बार 9.7 प्रतिशत अधिक शराब की बिक्री हुई है। इसी प्रकार नरक चौदस के दिन 11 करोड़ 37 लाख 90 हजार 930 रुपए, गोवर्धन पूजा के दिन 10 करोड़ 94 लाख 30 हजार 700, भाईदूज के दिन 9 करोड़ 61 लाख 50 हजार 420, भाईदूज के दूसरे दिन 10 करोड़ 6 लाख 90 हजार 580 तथा धनतेरस के दिन 8 करोड़ 48 लाख 1 हजार 920 रुपए की बिक्री हुई है।

नए प्रस्ताव से समस्या जल्द होगी दूर

# 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में 5 हजार से ज्यादा धान उपार्जन केंद्रों में कहीं गोदाम-चबूतरे तो कहीं फड़ एवं शेड की कमी है। इन कमियों को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा इन उपार्जन केंद्रों में कमी व डिमांड के अनुसार गोदाम, चबूतरा, फड़ एवं शेड का निर्माण कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव के अनुसार इन कार्यों में 255 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होनी है। मंडी बोर्ड जल्द ही प्रस्ताव को स्वीकृत कराने खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग को भेजेगा। हालांकि प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के बाद भी इस पर काम नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही शुरू हो पाएगा, क्योंकि 14 नवंबर से धान की खरीदी शुरू होने वाली है। ऐसे में धान खरीदी पूर्ण होने के बाद ही इसका काम शुरू किया जा सकेगा।

प्रदेश में धान उपार्जन का कार्य विपणन संघ के एजेंट के रूप में सहकारी समितियों द्वारा किया जाता है। वर्तमान में प्रदेशभर में सहकारी समितियों द्वारा 2739 उपार्जन केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 692 ऐसे उपार्जन केंद्र हैं, जहां 3414 पक्का चबूतरा, 569 पक्का फड़, 644 पक्का शेड एवं 493 केंद्रों में 200 मीट्रिक टन के गोदाम बनाने की आवश्यकता है। इस तरह कुल 5120 उपार्जन केंद्रों में चबूतरे, शेड, फड़ एवं गोदाम जैसी समस्या पिछले कई वर्षों से बनी हुई है। यह समस्या इस बार भी खत्म नहीं हो पाएगी, क्योंकि इस समस्या को दूर करने के लिए मंडी बोर्ड द्वारा बनाए गए प्रस्ताव को अभी मंजूरी मिल नहीं पाई है।



### दो चरण में किए जाएंगे कार्य

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रस्ताव को अगर स्वीकृति मिलती है, तो इसका काम दो चरण में किया जाएगा। पहले चरण में 50 प्रतिशत कार्य किए जाएंगे। पहले चरण के कार्य पूर्ण होने के बाद दूसरे चरण में शेष कार्य पूर्ण किए जाएंगे।

### सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड

उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा पक्के चबूतरों की डिमांड है। 692 उपार्जन केंद्रों में 3414 पक्का चबूतरों के निर्माण होना है। इसमें 49 करोड़ 84 लाख 44 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। इसी प्रकार 644 उपार्जन केंद्रों में 98'5**x**32'10**x**2' आकार के 1-1 शेड का निर्माण किया जाना है। इसमें सबसे अधिक 89 करोड़ 51 लाख 60 हजार रुपए खर्च होंगे। इसी प्रकार 493 केंद्रों में 2 सौ मीट्रिक टन का 1-1 गोदाम निर्माण में 65 करोड़ 76 लाख 62 हजार रुपए तथा 569 पक्का फड़ निर्माण में 50 करोड़ 81 लाख 17 हजार रुपए की लागत लगेगी। इस तरह कुल 5120 कार्यों में 255 करोड़ 93 लाख 83 हजार रुपए खर्च होंगे।

### दो चरण में किए जाएंगे निर्माण कार्य

बैंकों के माध्यम से सहकारी समितियों द्वारा उपार्जन केंद्रों में शेड, चबूतरा, फड़ एवं गोदाम बनाने की मांग की गई है। इन मांगों के अनुसार 255 करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव बनाया गया है, जिसे स्वीकृति के लिए खाद्य विभाग के सचिव को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद दो चरण में निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

- एके डोडवानी, अधीक्षण अभियंता, मंडी बोर्ड

# बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल से सरकार को बर्खास्त करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी क्रम में जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का धरना प्रदर्शन अभनपुर बसस्टैंड में सोमवार को किया गया। धरना के बाद राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपकर राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की है।

■ जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण का अभनपुर में धरना

धरना प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने बलरामपुर में पुलिस अभिरक्षा में मौत के लिए पुलिस को जिम्मेदार ठहराया। वहीं उदित मुनिनाम साहेब के घर में घुस कर जानलेवा हमले को पूरा कबीर पंथी समाज पर हमला बताया एवं प्रशासन की अक्षमता को जिम्मेदार बताया। इसकी घोर निंदा करते हुए राज्य सरकार को तुरंत बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने कहा, अब इस भाजपा सरकार को एक पल भी रहने का हक नहीं है। जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा कहा, जब से भाजपा की सरकार प्रदेश में बनी है, एक भी दिन ऐसी नहीं बीता जब बड़े अपराध नहीं हुए।

हत्या, डकैती, बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। लोगों का अब सरकार, प्रशासन पर से विश्वास उठ गया है। लोग स्वयं सड़कों पर आकर प्रदर्शन कर रहे, इससे बड़ी अराजकता कुछ भी नहीं हो सकती। प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, गिरधारी साहू, कोमल साहू, धनराज मध्यानी, चंद्रहास साहू, जीत सींग, डामन साहू, श्रवण चंद्राकर, बलविंदर, राधाकृष्ण टंडन सहित कई कांग्रेसी शामिल हुए।

# मतदान दिवस के पूर्व 12 को अवकाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान 13 नवंबर को होने वाला है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदेश के अनुसार निर्वाचन क्षेत्र में स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश और सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। मतदान दिवस के पूर्व 12 नवंबर को मतदान केंद्र वाले सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है, इस दिन मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और उन्हें मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा।

### 30 प्रत्याशी मैदान पर

बता दें कि रायपुर दक्षिण उपचुनाव के लिए 30 प्रत्याशी मैदान पर हैं। इस सीट पर चुनाव प्रचार 11 नवंबर की शाम को थम जाएगा। उपचुनाव के लिए 13 नवंबर को मतदान और इसके नतीजे 23 नवंबर को आएंगे।

### ईवीएम का रेण्डमाइजेशन पूरा

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप चुनाव के लिए सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी के समक्ष एवं राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम एवं वीवी पैट मशीनों का रेडक्रॉस सभाकक्ष में द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया। रेण्डमाइजेशन के बाद अंतिम रूप से तय किए गये ईवीएम बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट मशीन में उल्लेख आईडी नंबर सहित सूची राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। रेण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में बीयू 719, सीयू 379 एवं वीवीपैट 425 का द्वितीय रेण्डमाइजेशन किया गया।

### सीईओ ने की पर्यवेक्षकों से मुलाकात

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप-चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. रेखा रानी, पुलिस प्रेक्षक करण शर्मा और व्यय प्रेक्षक कनुप्रिया दामोर ने मुलाकात की। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान उप-चुनाव को निर्बाध, निष्पक्ष, पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से कराने विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई।

# नेता प्रतिपक्ष महंत ने राज्योत्सव से बनाई दूरी गए ओडिशा प्रवास पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के मौजूद नहीं होने को लेकर लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं रहीं। मामले में जानकारी लेने पर पता चला कि डॉ. महंत ओडिशा के दौरे पर गए हैं।



यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था। राज्योत्सव कार्यक्रम को लेकर राज्य सरकार की ओर से उनके कार्यालय में आमंत्रण भेजा गया था। उन्हें कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि के रूप में भी शामिल किया गया था। बताया जाता है कि उनके कार्यक्रम के दौरान मौजूद नहीं होने को राजनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। महंत के करीबी सूत्रों ने डॉ. महंत को ओडिशा में कांग्रेस पार्टी को मतबूत करने की जिम्मेदारी एआईसीसी ने सौंपी है। उसके संबंध में एक कार्यक्रम पूर्व में तय हुआ था। ओडिशा में दाना साइक्लोन आने के कारण उक्त कार्यक्रम उस समय रद्द हो गया था। अब उस कार्यक्रम को दीपावली के बाद 4 नवंबर को तय किया गया, उसमें शामिल होने के लिए उन्हें जाना पड़ा। ओडिशा प्रवास पर होने के कारण राज्योत्सव के शुभारंभ के अवसर पर वे मौजूद नहीं रहे। बताया गया है कि ओडिशा से 5 नवंबर को देर शाम रायपुर लौट आएंगे। राज्योत्सव के समापन में वे मौजूद रहेंगे या नहीं, इस संबंध में उन्होंने कुछ कहने से इनकार किया।

देश विदेश से जुटेंगे कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ

# रोड कांग्रेस के 83वें अधिवेशन में होगा तकनीकी प्रेजेंटेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया रोड कांग्रेस का 83वां अधिवेशन रायपुर में 8 से 11 नवंबर तक होने वाला है। खास बात ये है कि इस आयोजन में देश- विदेश के कई कंस्ट्रक्शन विशेषज्ञ, आईआईटी, एनआईटी सहित अन्य तकनीकी संस्थाओं के विद्यार्थियों सहित करीब 3 हजार प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है।

बताया गया है कि अधिवेशन में मुख्य रूप से टेक्निकल प्रेजेंटेशन होंगे। देश-विदेश के साथ छत्तीसगढ़ की ओर से भी प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। अधिवेशन में केंद्रीय भू-तल परिवहन मंत्री नितिन गड़करी विशेष रूप से शामिल होंगे।

### कई देशों के प्रतिनिधि होंगे शामिल

बताया गया है कि इस अधिवेशन में श्रीलंका, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया, सिंगापुर सहित अन्य देशों के प्रतिनिधियों को भी शामिल कराया जा रहा है। इसके साथ ही देश के मेट्रो सिटीज के बड़े डेवलपर भी शामिल होंगे। बताया गया है कि ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस का यह अधिवेशन साल में एक बार अलग-अलग राज्यों में आयोजित होता है। छत्तीसगढ़ में पहली बार ये अधिवेशन होने जा रहा है।



### छत्तीसगढ़ की भी होगा प्रेजेंटेशन

ऑल इंडिया रोड़ कांग्रेस इस अधिवेशन में बड़ी संख्या में विशेषज्ञों को उनके तकनीकी प्रेजेंटेशन देने के लिए आमंत्रित कर रही है। इस क्रम में छत्तीसगढ़ को भी प्रेजेंटेशन देने कहा गया है। छत्तीसगढ़ द्वारा दिए जाने वाले प्रेजेंटेशन में बताया जाएगा कि राज्य में सड़कों को लेकर किस तरह की समस्याएं है। प्रदेश में सड़कों की स्थिति कैसी है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ में सड़क संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए राय ली जाएगी।

### प्रमुख संस्थानों के लगेंगे स्टॉल

*प्रदेश के बहुआयामी विकास के प्रदर्शन के लिए अधिवेशन स्थल पर पॉवर एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर के अग्रणी संस्थानों एनएमडीसी, एनटीपीसी, सेल (भिलाई स्टील प्लांट), छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी तथा विभिन्न विकास निगमों के स्टॉल एवं प्रदर्शनी लगाए जाएंगे। अधिवेशन में आने वाले अतिथियों को छत्तीसगढ़ की कला, शिल्प और लोक संस्कृति से अवगत कराने छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प, ग्रामोद्योग, पर्यटन, संजीवनी, वन विकास इत्यादि के स्टॉल्स भी होंगे। अधिवेशन के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन होंगे। राज्य के अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी सदस्यता देने कहा गया है। प्रदेश के अभियंताओं को देश की प्रमुख संस्थानों के वैज्ञानिकों के व्याख्यान द्वारा ज्ञानार्जन का अवसर मिलेगा। अधिवेशन में आने वाले प्रतिनिधियों को पर्यटन स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा।*

हर बड़ी घटना के पीछे कांग्रेस नेताओं का हाथ

# किरण देव बोले- प्रदेश में अशांति फैलाने कांग्रेस कर रही साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा, कांग्रेस प्रदेश में अशांति फैलाने के लिए साजिश कर रही है। हर बड़ी घटना के पीछे कांग्रेस का हाथ है। जहां छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वां राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुजारियों को जनता के बीच रखने की विवशता है।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री देव ने साफ-साफ लफ्जों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसीलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है और फिर उस मुद्दे पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। श्री देव ने कहा, स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो। इसी साजिश की कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफाए से कांग्रेस अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है।





### कई घटनाओं में कांग्रेसियों का हाथ

श्री देव ने कहा, अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं, समूचे प्रदेश की आस्था के केंद्र पर हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। श्री देव ने कहा, इसी तरह पूरे प्रदेश ने देखा कि बलौदाबाजार में किस तरह योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाए गए। इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है तो समझा जा सकता है कि इनके खिलाफ साक्ष्य कितने मजबूत हैं। श्री देव ने कहा कि इसी तरह सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या करने वाला एनएसयूआई का जिला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में जिम्मेदार था। इस घिनौने कृत्य पर भी कांग्रेस उल्टे चोर कोतवाल को डाँटे की तर्ज़ पर राजनीति कर रही थी। सवाल उठता है कि क्या ये अब अपनी गंदी राजनीति चमकाने के लिए नरसंहार आदि को भी प्रायोजित करने से बाज नहीं आ रहे हैं। श्री देव ने कहा, लोहारीडीह कांड में भी बार-बार गांव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यदि कांग्रेस नेताओं को पता है कि दोषी और निर्दोष कौन है, तो पुलिस को बता दे या पुलिस को जांच करने दे। श्री देव ने कहा, यही नहीं, केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लाक उपाध्यक्ष 500 रुपए के लाखों के नकली नोट के साथ पुलिस की गिरफ्त में है।

### सुशील बोले- भाजपा के अध्यक्ष कर रहे सरकार का बचाव

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, रोज हत्याएं हो रही, गोलियां चल रही। अपराधियों के हौसले ऐसे बुलंद है कि सेंट्रल जेल के बाहर दिन दहाड़े एक व्यक्ति को गोली मार दी गई। अपराधिक तत्व इतने बेखौफ हो गए हैं कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। कल ही राजधानी में भाजयुमो के नेता, उसके साथी को चाकू मारकर लूट लिया गया। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांचवीं घटना हुई है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। दीपावली के दौरान चार दिनों में राजधानी में 9 हत्या हुई, प्रदेश के लगभग सभी शहरों में रोज ही हत्याएं हो रही हैं। श्री शुक्ला ने कहा, राजधानी में जेल के सामने जब गोली चल रही थी ठीक उसी समय प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बिगड़ती कानून व्यवस्था पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार का बचाव कर रहे थे, कांग्रेस को कोस रहे थे। बेहद आपत्तिजनक है कि रोज हो रही आपराधिक घटनाओं पर चिंता व्यक्त करने सरकार और पुलिस को ताकीद करने के बजाय भाजपा अध्यक्ष सरकार की विफलता पर उसका बचाव करने में लगे हैं।



# चाकूबाज, मादक पदार्थ बेचने वालों की पुलिस तैयार कर रही डोजियर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में आए दिन हो रही चाकूबाजी तथा चाकू मारकर हत्या की घटना से हलकान पुलिस चाकूबाजों की नए सिरे से लिस्टिंग कर उनकी डोजियर रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई करने की तैयारी में है। अफसरों के निर्देश पर क्राइम ब्रांच सभी थानों से चाकूबाजों की सूची हासिल कर कार्रवाई करने की बात कह रही है। साथ ही चाकूबाजों की नियमित क्लास लगाने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।

एएसपी क्राइम संदीप मित्तल के मुताबिक चाकूबाजों की जो डोजियर रिपोर्ट तैयार की गई है, उसमें तीन सौ चाकूबाजों के नाम चिन्हांकित किए गए हैं। अफसरों के अनुसार शहर में एक दशक के भीतर चाकूबाजों की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो गई है। इनमें ग्रामीण से लेकर शहरी थाना क्षेत्रों में चाकूबाजों की संख्या में इजाफा हुआ है।

## बढ़ती चाकूबाजी की घटना से हलाकान पुलिस चाकूबाजों पर नकेल कसने की तैयारी में

### दस महीने में 80 से ज्यादा वारदात

पुलिस रिकार्ड के अनुसार जनवरी से लेकर अब तक 80 के करीब चाकूबाजी की घटनाएं हुई हैं। ज्यादातर चाकूबाजी की घटना में पुलिस चाकू की जगह धारदार हथियार या नुकीली वस्तू से हमला की रिपोर्ट लिखती है। इस वजह से पुलिस रिकार्ड में चाकूबाजी के मामले कम हैं। चाकूबाजी के वास्तविक आंकड़े पुलिस रिपोर्ट के विपरीत हैं।



### डोजियर रिपोर्ट तैयार की जा रही

अपराध पर अंकुश लगाने चाकूबाज तथा मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री करने वालों की डोजियर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। डोजियर रिपोर्ट में तीन सौ से ज्यादा चाकूबाजों के नाम लिस्टिंग किए गए हैं। इसी तरह से मादक पदार्थ बेचने वाले दौ के करीब लोगों के नाम डोजियर रिपोर्ट में शामिल हैं। - *संदीप मित्तल, एएसपी क्राइम*

### ज्यादातर हत्या के मामले चाकू से

राजधानी में पिछले चार दिनों के भीतर जो नौ हत्या की घटना हुई है, उनमें से कुछ मामलों को छोड़कर ज्यादातर हत्या की घटनाएं चाकूबाजी की वजह से हुई हैं। इनमें कई चाकूबाजी के मामले ऐसे हैं, जिनमें आरोपी ने चाकू से एक से ज्यादा वार कर हत्या की घटना को अंजाम दिया है।


### मादक पदार्थ बेचने वालों की डोजियर रिपोर्ट

क्राइम एएसपी के मुताबिक मादक पदार्थों की अवैध खरीद फरोख्त करने वालों की भी डोजियर रिपोर्ट तैयार की जा रही है। पुलिस ने शहर तथा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो सौ के करीब मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के नाम डोजियर रिपोर्ट में शामिल किया है।

***आधे से ज्यादा नए उम्र के चाकूबाज :*** *पुलिस अफसर के अनुसार चाकूबाजों की जो डोजियर रिपोर्ट तैयार की गई है, उनमें आधे से ज्यादा चाकूबाज नई उम्र के हैं। पुलिस रिकार्ड के अनुसार वर्तमान में जो चाकूबाज हैं, उनमें से ज्यादातर सूखा नशा करने के आदी हैं। इनमें से कई बदमाश शौक में चाकू रखते हैं और नशे की हालत में चाकूबाजी की घटना को अंजाम देते हैं।*

***ऑनलाइन सिस्टम ने बढ़ाए चाकूबाज :*** *पुलिस के अनुसार वर्तमान में जो नए चाकूबाज हैं, उनमें से ज्यादातर बदमाश ऑनलाइन चाकू आर्डर कर मंगा रहे हैं। ऑनलाइन चाकू मंगाने की वजह से मुखबिरी नहीं हो पाती। इस वजह से बदमाश लोकल में चाकू खरीदने की बजाए ऑनलाइन चाकू मंगाने में विश्वास कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### अस्पताल वाले बाबा के उर्स का समापन

रायपुर। हजरत सैय्यद शेर अली आगा और हजरत सैय्यद अस्पताल वाले बाबा का उर्स सपंन्न हुआ, जिसमें दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए गुलामाने औलिया कमेटी आगा ग्रुप द्वारा जल वितरण, लंगर का सेवा कार्य औलिया चौक पर स्टॉल लगाकर किया गया। समिति के अध्यक्ष मो. इकबाल ने बताया कि पिछले कई सालों से उर्स के मौके पर दर्शनार्थियों के लिए सेवा कार्य किया जा रहा है, जिसमें अब्दुल गनी, बाबा रियाज, सुनील ठाकुर, शोबी, राकेश अवस्थी, रज्जू, मो. मुश्ताक, मो. फारुक और राजा का योगदान रहा।

### राज ठेठवार समाज ने धूमधाम से मनाया मातर पर्व



रायपुर। राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती स्थित राज ठेठवार परिवार चौक पर हर्षोल्लास के साथ मातर का महापर्व मनाया गया। इस अवसर पर राज ठेठवार परिवार व सामाजिकजनों द्वारा श्रीकृष्ण, खुड़हर देवता एवं अपने पूर्वजों की आराधना कर गोमाता की विशेष साज-सज्जा कर उनको चौक पर दाड़ खिलाई गई। सभी ने श्रीकृष्ण एवं अपने पूर्वजों पर बने दोहे कहकर सभी को मंत्रमुग्ध कर छोटे बड़े ठेठवार खुशी में नाचने एवं झूमने लगे। साथ ही श्रीकृष्ण को छप्पन भोग लगाया गया और सभी उपस्थितजन को प्रसाद व दूध वितरण किया गया। बच्चों ने लाठियां चलाकर विशेष करतब का प्रदर्शन किया। मातर कार्यक्रम में डॉ. रेवाराम यदु, हरिराम यदु, राजेश यदु, परमानंद यादव, कुंज बिहारी यदु, रमेश अनंतराम यदु, गजेश यदु, विजय यादव, सूर्यकांत यदु, राजकुमार यदु, नवीन यदु, संतोष यदु, दिलीप यदु, केशव यदु, केशव यदु, युगल यदु, रविंद्र, राहुल, विवेक, कमलेश, नागेश सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी व महिलाएं, बच्चे शामिल हुए।

### शहीद संत कंवरराम साहेब को दी श्रद्धांजलि



रायपुर। संत कंवरराम नगर युवा परिषद एवं संत कंवरराम सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को अमर शहीद संत कंवरराम साहेब के शहादत दिवस पर कटोरा तालाब स्थित संत चौक पर रात्रि 9.30 बजे महाआरती की गई। साथ ही 85 दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं ठीक 10 बजे 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। युवा परिषद के अध्यक्ष एवं संत कंवरराम सेवा समिति के उपाध्यक्ष प्रेमप्रकाश मध्यानी, महासचिव अजय वलेचा ने बताया कि उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने संतों का सिमरन कर आशीर्वाद लिया एवं इस दौरान किशनचंद निहलानी ने शांति पाठ कराया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साईं जलकुमार मसंद, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पूर्व पार्षद जगदीश कलश, महेश दरयानी, कविता शिव ग्वालानी, किशनचंद निहलानी, कमल लखानी, जय बजाज, पीतांबर कोडवानी, पवन प्रीतवानी आदि उपस्थित थे।

## निधन



### रीता डे

रायपुर। बुढ़ापारा निवासी रीता डे का 3 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे देवाशीष डे की माता और गौरव डे, सुंदाशु डे की दादी थीं।

## दिवाली के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था नहीं सुधरी

# घरों से नहीं उठ रहा कचरा, बाजार, मुख्य मार्ग और सेक्टर एरिया में पसरी गंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दिवाली के तीन दिन बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था पटरी पर नहीं लौट पाई। रिहाइशी इलाकों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी त्योहार के बाद कई इलाकों में नहीं लौटी। लाखे नगर मुख्य मार्ग, शीतला बाजार क्षेत्र में 3 दिनों से त्योहारी कचरा नहीं उठाया गया। रामनगर एरिया के लिए 2 सफाई गाड़ी लगाई गई है, जिसमें से केवल एक गाड़ी कचरा कलेक्शन करने पहुंची, दूसरी कचरा गाड़ी 3 दिन से गली मोहल्लों में लोगों के घरों से कचरा लेने नहीं पहुंची। शहर के पॉश इलाके कहे जाने वाले देवेंद्र नगर के सेक्टर 4 और सेक्टर 5 इलाके से कचरा नहीं उठ रहा है।

■ विभागीय ग्रुप, पार्षदों के पास पहुंच रही शिकायतें

**केस 1**

### शीतला बाजार, लाखेनगर मुख्य मार्ग पर कचरा

महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड स्थित शीतला बाजार और लाखे नगर मुख्य मार्ग पर निगम की कचरा गाड़ी 2 दिन से कचरा उठाने नहीं पहुंची है। इससे बाजार एरिया में गंदगी पसरी हुई है। यही हाल लाखे नगर मुख्य मार्ग का है। व्यावसायिक क्षेत्र होने के कारण दिवाली पर्व के समय दुकानों और लोगों के घरों से बड़ी मात्रा में कचरा निकाला गया। परिवहन नहीं होने से सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। पुरानी बस्ती के क्षेत्र में हुए सामाजिक सम्मेलन में जहां विशिष्ट जन कार्यक्रम में आमंत्रित रहे, उस स्थल के आसपास कूड़ा करकट उठाने सफाई कर्मचारी नहीं पहुंच पाए। पार्षद जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि जब विशिष्ट जनों के कार्यक्रम स्थल के आसपास सफाई नहीं हो रही, तो गली मोहल्लों की सफाई का क्या होगा? वार्ड बड़ा होने के बाद भी कचरा उठाने मात्र एक गाड़ी दी गई है, जबकि कम से कम 2 सफाई गाड़ी की जरूरत है।



**केस 2**

### रामनगर में तीन दिन से नहीं पहुंची गाड़ी

संत रामदास वार्ड स्थित रामनगर क्षेत्र में रामकी कंपनी की सफाई गाड़ी तीन दिन से नहीं आ रही। इससे घरों से निकलने वाला गीला व सूखा कचरा घरों में ही जमा है, जबकि यह क्षेत्र काफी बड़ा है। ऐसे में 3 दिनों से सफाई वाहन नहीं आने से लोग परेशान हैं। वार्ड की सफाई के लिए 2 कचरा गाड़ी उपलब्ध कराई गई है। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया कि जोन कमिश्नरी में शिकायत के बाद भी सफाई व्यवस्था बदतर है। सोमवार को केवल 1 सफाई गाड़ी वार्ड में भेजी गई।

**केस 3**

### डीडीनगर, सुंदर नगर में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन प्रभावित

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के डीडीनगर इलाके में कचरा कलेक्शन करने सफाई वाहन नहीं आने से लोग परेशान हैं। कचरा को संभाल कर रखने की सबसे बड़ी परेशानी लोगों के सामने है। इसी तरह सुंदर नगर में कचरा नहीं उठने की शिकायत भुक्तभोगियों ने की है। उनका कहना है शिक्षक कालोनी मदर केयर स्कूल की गली में कचरा उठाने वाले नहीं आ रहे। वे सामने वाली गली से निकल जा रहे हैं। लोगों के कहने पर भी कचरा कलेक्शन नहीं हो रहा है।

**केस 4**

### विभागीय ग्रुप तक पहुंच रही शिकायत

जोन दफ्तर से लेकर नगर निगम के पार्षद और अधिकारियों के ग्रुप में लोगों ने कचरा कलेक्शन में कोताही की शिकायत करनी शुरू कर दी है। शहीद हेमूकालाणी वार्ड के देवेंद्रनगर सेक्टर 4 और सेक्टर 5 से इस तरह की शिकायत लोगों ने जोन अध्यक्ष के पास की है। यह एरिया पॉश कालोनी माना जाता है।

### मानिटरिंग नहीं आयुक्त नाराज

दिवाली के बाद सफाई व्यवस्था निरीक्षण करने निकले निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सफाई व्यवस्था की मानिटरिंग संबंधित अधिकारियों द्वारा नहीं किया जाना पाये जाने पर नाराजगी जताई। विभागीय अधिकारियों को शहर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए।

# पंडरी एक्सप्रेस-वे की तर्ज पर कचना फाफाडीह एक्सप्रेस-वे के नीचे इंडोर गेम खेलने मिलेगा सुरक्षित स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर में खेल मैदान की कमी को देखते हुए नगर निगम अब शहर में इंडोर गेम खेलने सुरक्षित स्थान तलाश रहा है। पंडरी एक्सप्रेस वे के नीचे क्रिकेट खेलने सुरक्षित स्थान विकसित करने के बाद अब फाफाडीह और कचना में ब्रिज के नीचे क्रिकेट की सुविधा विकसित की जाएगी। वहां सांझ ढलने के बाद पर्याप्त रोशनी के बीच इंडोर गेम आसानी से खेला जा सकेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर को इस संबंध में प्रस्ताव बनाकर जल्द कार्य कराने निर्देश दिए हैं।

■ नगर निगम की पहल, आयुक्त ने विभागीय अधिकारी को कार्य कराने दिए निर्देश

नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर निगम द्वारा तेलीबांधा एवं पंडरी एक्सप्रेस वे के नीचे वाले स्थान पर बच्चों और युवाओं को क्रिकेट, वालीबाल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन के इंडोर गेम्स खेलने के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया गया है। वहां आसपास की बस्ती के बच्चे और युवाओं की टोली गेम प्लान एरिया में क्रिकेट खेलने पहुंचने लगी है। इसी तर्ज पर कचना ओवरब्रिज एवं फाफाडीह एक्सप्रेस वे के नीचे वाली जगह को बच्चों एवं युवाओं के लिए मल्टी परपस गेम प्लान एरिया के रूप में तैयार किया जाएगा, ताकि वहां गंदगी न रहे और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होने से बच सके।

निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा सोमवार को तेलीबांधा व पंडरी एक्सप्रेस वे के नीचे स्थित मल्टी परपस गेम एरिया में पहुंचे। वहां पहुंचकर उन्होंने खेल अभ्यास कर रहे बच्चों एवं युवाओं से चर्चा कर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह के सुरक्षित खेल स्थान विकसित किए जाने से युवाओं और बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने का अवसर सहज प्राप्त हो सकेगा।

## पेज 11 के शेष ...

### दीपावली के बाद भी...

कार्यालय के दफ्तरों में कई अधिकारी और कर्मचारी गायब मिले। इसके अलावा दफ्तरों में लेटलतीफी का सिलसिला भी खत्म नहीं हो पाया है। लंबी छुट्टी मनाने के बाद भी 50 प्रतिशत से अधिक अधिकारी-कर्मचारी समय पर ड्यूटी नहीं पहुंचे, जिसके कारण दफ्तरों में 11 बजे तक सन्नाटा पसरा रहा। यही नहीं, कई अधिकारी-कर्मचारियों की उपचुनाव और राज्योत्सव में ड्यूटी लगाई गई है। इनमें से भी कई अधिकारियों-कर्मचारियों ने चुनाव और राज्योत्सव की ड्यूटी का बहाना बनाकर दफ्तरों में बैठना छोड़ दिया है, जिसके कारण दफ्तरों में कामकाज भी प्रभावित रहा। ***केस:5- कलेक्टोरेट में ज्यादातर अधिकारी गायब मिले***: कलेक्टोरेट में भी सुबह करीब 11 बजे टीम पहुंची तो ज्यादातर अधिकारी अपने दफ्तर में नहीं मिले। इसके अलावा कई कर्मचारी भी गायब मिले। पूछताछ पर पता चला कि गायब रहने वाले अधिकारियों की ड्यूटी उपचुनाव और राज्योत्सव में लगाई गई है। कर्मचारियों को लेकर भी बताया कि कई कर्मचारी छुट्टी पर हैं या फिर समय पर ड्यूटी पहुंचे नहीं हैं। इनमें राजस्व विभाग, आदिवासी विकास विभाग, नजूल विभाग के दफ्तर शामिल है।

### जेल के अंदर...

दूसरी तरफ रखी अपनी एक्टिवा से फरार हो गए। घटना के बाद जेल परिसर के बाहर अफरा-तफरी मच गई। लोग बदमाशों को पकड़ पाते, इसके पहले बदमाश फरार होने में कामयाब हो गए। साहिल के अनुसार वह जेल में अपने भाई से मिलने कभी नहीं गया था, वह पहली बार अपने भाई से मिलने पहुंचा था। वह अपने एक अन्य भाई शाहरुख को साथ लेकर जेल में अपने भाई शाहिद से मिलने के लिए गया था।

### मौसम शुष्क होते ही...

और दूसरे सप्ताह के बाद सुबह के वक्त गुलाबी ठंड महसूस होगी। वातावरण में नमी की मात्रा साठ प्रतिशत से अधिक थी, जो घटकर आधी हो चुकी है, जिससे रात के तापमान में कमी आना शुरू हो गया है। राज्य में जब उत्तर-पूर्वी हवा का आगमन शुरू हो जाएगा तब ठंड अपना ज्यादा असर दिखाएगी। पिछले चौबीस घंटे में राजधानी के लोगों को हल्की ठंड का अहसास हुआ। रात का तापमान जो 23-24 डिग्री पर टिका हुआ था, जिसमें तीन डिग्री तक गिरावट हो गई। पारा भले ही सामान्य से डेढ़ डिग्री अधिक है, मगर आई कमी की वजह से ठंड का अहसास होने लगा है। अभी दिन में तेज धूप अपना असर दिखाएगी, मगर रात में ठंड का अनुभव बढ़ता जाएगा। राज्य के उत्तरी भाग यानी सरगुजा संभाग में ठंड की दस्तक हो चुकी है, वहां का तापमान 15 डिग्री से नीचे जा चुका है और जशपुर के सीमावर्ती इलाकों में पारा दस डिग्री के करीब पहुंचने लगा है। नवंबर के दूसरे सप्ताह में यहां ठंड का अच्छा असर होने लगेगा।

### शारीरिक शिक्षा विभाग में...

जाएगा। वहां से अनुमति मिलने के बाद भर्ती प्रक्रिया संबंधित विभाग द्वारा प्रारंभ कर दी जाएगी। शासन को प्रस्ताव भेजने के संदर्भ में भी बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया। हालांकि से पद पूर्णकालिक ना होकर अंशकालिक होंगे। शारीरिक शिक्षा के अंतर्गत जुंबा तथा अन्य गतिविधियां भी शामिल की जाती हैं। इसका प्रशिक्षण ही म्यूजिक टीचर द्वारा दिया जाएगा। इसके अलावा अब शारीरिक शिक्षा के विद्यार्थियों को डायटिशिन भी मुहैया कराया जाएगा। जो उनके डाइट का ध्यान रखने के साथ ही संतुलित भोजन संबंधित ज्ञान भी प्रदान करेंगे।

# गंगरेल से 250 क्यूसेक, फिर भी नदी का तट सूखा महादेवघाट में घुटनेभर पानी, कैसे देंगे सूर्यदेव को अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर के लिए गंगरेल डेम से रोज 250 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, पर खारुन नदी का महादेवघाट सूखा पड़ा है। घाट किनारे कहीं पत्थर, तो कहीं गंदगी का ढेर पसरा है, जिसे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने अब तक नहीं उठाया। न वहां जोन गैंग के कर्मचारी पहुंचे हैं, ना सेंट्रल गैंग की टीम। घाट के किनारे गंदगी और घुटना भर पानी होने से व्रतियों के लिए भगवान सूर्यदेवता को अर्घ्य देने में परेशानी हो सकती है। इधर निगम के जल विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों का कहना है कि एनीकट में पर्याप्त पानी है जो कि 3 इंच ऊपर बह रहा है, पर पानी का फ्लो घाट तक कैसे नहीं पहुंच रहा, यह समझ से परे है।

■ व्रतियों के लिए घाट की सफाई में कोताही, कचरों का ढेर नहीं उठाया

गंगरेल डेम से रायपुर शहर के लिए 250 क्यूसेक रॉ वाटर छोड़ने के बाद भी खारुन नदी का महादेवघाट पानी के लिए तरस रहा है। मंदिर वाले घाट के किनारे में मुश्किल से घुटना भर पानी बचा है, जबकि कुछ जगह ऐसी भी हैं, जहां पानी का नामोनिशान नजर नहीं आ रहा। नदी के दूसरे छोर का भी यही हाल है। यहां हर साल बड़ी संख्या में छठी मइया की पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में व्रती परिवार के साथ पहुंचते हैं। निगम के आला अधिकारियों ने सोमवार शाम तक नदी में पर्याप्त पानी नहीं छोड़ा है। विदित हो, चार दिवसीय छठ महापर्व 5 नवंबर से नहाय खाय के रस्म के साथ शुरू हो रहा है। 7 नवंबर को डूबते हुए सूर्य को पहला अर्घ्य दिया जाएगा। 8 तारीख को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के साथ महापर्व का समापन होगा। 7 नवंबर को ही खारुन महाआरती का भव्य कार्यक्रम रखा गया है, जिसमें सवा लाख दीपों की जगमग के साथ खारुन महाआरती की जाएगी।



### नेचुरल फ्लो बंद, 28 अक्टूबर से गंगरेल डेम से ले रहे पानी

सूत्रों के मुताबिक बारिश का सीजन खत्म होने के बाद खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी पहुंचना बंद हो गया है। इस वजह से नगर निगम सिंचाई विभाग से पानी खरीदकर शहरवासियों की प्यास बुझा रहा है। प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत शहर में होती है। इसे देखते हुए पेयजल संबंधी डिमांड पूरा करने 28 अक्टूबर से गंगरेल डेम से रॉ वाटर की आपूर्ति का सिलसिला शुरू हुआ है, जो कि आने वाले 3 माह तक जारी रहेगा।

### छठ पूजा के लिए 50 क्यूसेक अतिरिक्त पानी

शहरवासियों की पेयजल आपूर्ति के हिसाब से एनीकट में पर्याप्त पानी है। छठ पूजा के लिए सिंचाई विभाग 50 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ेगा। इससे व्रतियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी
- ***नरसिंग फरेंद्र**, कार्यपालन अभियंता जल नगर निगम रायपुर*

**न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद, तहसील-मंदिर हसौद जिला-रायपुर (छ.ग)**

**-: ईश्तहार :-**

अ-6/वर्ष 2023/24
ग्राम-खुटेरी प.ह.नं.-15

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक दूजराम कुर्रे पिता हिच्छाराम कुर्रे, निवासी काशीराम नगर रायपुर जिला रायपुर, के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत - किया है, कि ग्राम खुटेरी प.ह.नं.- 15 रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तहसील- मंदिर हसौद जिला-रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 220/1, 221/1 रकबा 1207 वर्गफुट भूमि आवेदक के नाम पर पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 21.09.2015 के द्वारा विक्रेता सुकवारो बाई पति भाओं मंदिर निवासी रायपुर से क्रय किया गया है जिसका पूर्व में नामांतरण किया गया है जिसका ना.क्र- 18 दिनांक 05.02.2016 है। वर्तमान राजस्व अभिलेख (ऑनलाइन) मे आवेदित भूमि विक्रेतागण के नाम पर ही दर्ज चला आ रहा है। आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि से उक्त निष्पादित पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर विक्रेतागण का नाम विलोपित कर अपना नाम बतौर भूमिस्वामी दर्ज कराने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस सम्बन्ध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय मे दिनांक 08/11/2024 तक स्वंय या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 24/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन मुद्रा से जारी किया गया । (मुहर) तहसीलदार मंदिर हसौद (छ.ग.)

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार उप तहसील खोरपा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम- भरेंगा, प.ह.नं. 08
रा.प्र.क्र..../अ-74 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीराम पिता स्व. श्री मोजीराम निवासी ग्राम भरेंगा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम भरेंगा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 225/1, 412/2, 412/3, 708/4, 1169/2 रकबा क्रमशः 0.3000, 0.3000, 0.1600, 0.2000, 0.4400 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि ख.नं. 1169/2 का नक्शा बटांकित नहीं है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 13/11/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 22/10/2024 को जारी किया गया। (मुहर) **अति. तहसीलदार उप तहसील-खोरपा**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता नाजनीन अब्दुल कदिर आमदाणी पति अब्दुल कदिर रौफ आमदानी, निवासी चंद्रशेखर आजाद वार्ड, चौरसिया कालोनी मठपुरैना रायपुर छ.ग. से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि मय मकान जिसका ख.नं. 191/79/क/1 रकबा 0.0090 हेक्टेयर अर्थात 1000 वर्गफुट, जो कि ग्राम बोरियाखुर्द (मोती नगर), चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्र. 52, प.ह.नं. 71, रा.नि.मं. रायपुर-14-बोरियाखुर्द, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है तथा उक्त संपत्ति वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा फाफाडीह, रायपुर छ.ग. में बंधक है जिसको क्रय करने का पक्का सौदा मेरे पक्षकार से कर बयाना अदा कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है केवल पंजीयन कार्यवाही शेष है।

यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्थान, बोर्ड, निकाय, संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज करावें तथा म्याद पश्चात उपरोक्त भूमि के बैनामा पंजीयन की कार्यवाही मेरे पक्षकार द्वारा संपन्न करा ली जावेगी म्याद पश्चात की गई आपत्ति मान्य ना होकर विधिक रुप से शून्य होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 04/11/2024

**अरमान खान (अधिवक्ता)**
**मोवा मस्जिद के पास मोवा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9329110837**

**Name Change**

I, Jitendra P Kalwani S/o. Shri Vedprakash Kalwani R/o. Ext30 Avinash Capital Homes 2 street 8 Saddu, sec-8 mowa Raipur C.G-492114 have changed my name from Jitendra Kalwani to Jitendra P Kalwani for all purposes by affidavit sworn before Raipur Public Notary dated 04-11-2024

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालीसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं: मुंहासे ❖ सोरायसिस ❖ स्किन एलर्जी ❖ पिगमेंटेशन ❖ विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा ❖ पीआरपी थेरेपी ❖ एलोपेसिया ❖ अर्टीकेरिया ❖ फंगल इनफेक्शन ❖ टेली कंसलटेशन ❖ लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छठ पूजा में शामिल होने मुख्यमंत्री को दिया न्योता

**रायपुर।** छठ महापर्व आयोजन समिति महादेवघाट के एक प्रतिनिधिमंडल और आयोजन प्रमुख राजेश सिंह के नेतृत्व में शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस मौके पर प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और भूपेश बघेल को छठ पूजा में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। आयोजन प्रमुख ने मुख्यमंत्री को बताया कि महादेवघाट पर नवंबर 7 को संध्या अर्घ्य होगा। इसके अलावा महाआरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। मुलाकात करने वालों में कन्हैया सिंह, संतोष सिंह, परमानंद सिंह, राकेश सिंह, संजीव सिंह, अजय शर्मा, अनिल कुमार सिंह, जयप्रकाश सिंह, वेद नारायण, रणजीत मिश्रा, जयंत सिंह एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### प्राकृतिक स्रोतों से होगा बीमारियों का इलाज

**रायपुर।** आयुर्वेदिक कॉलेज परिसर में बनने वाले केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान में मिट्टी, पानी जैसे प्राकृतिक स्रोत के माध्यम से विभिन्न तरह की बीमारियों का इलाज किया जाएगा। यहां गैरसंचारी रोगों जैसे मोटापा, प्री-डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम, व गठिया आदि का उपचार किया जाएगा। 90 करोड़ की लागत से बनने वाले इस संस्थान के माध्यम से लोगों को उपचार की सुविधा मिलेगी, साथ ही बड़ी संख्या में लोगों को उपचार के अवसर भी प्राप्त होंगे। इस संस्थान के लिए निर्माण के लिए राज्य सरकार द्वारा दस एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। यहां केंद्र स्पॉ और वेलनेस थेरेपी में प्रशिक्षण प्रमाणन पाठ्यक्रम और अनुसंधान में फेलोशिप पाठ्यक्रम संचालित करेगा। इस संस्थान के शुरू होने से योग और प्राकृतिक चिकित्सा के प्रभावों के बारे में नए ज्ञान का विकास होगा।

### छत्तीसगढ़ अपराधियों के शिकंजे में, कुशासन से परेशान हो रही जनता

**रायपुर।** राज्य आंदोलनकारी छसपा, छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे सहित पदाधिकारियों ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आते ही कांग्रेस के असामाजिक तत्वों ने संगठित होकर अपराधियों के साथ अपनी फौज बना ली। भाजपा सरकार की सबसे बड़ी कमजोरी पैसा दो, काम कराओ की नीति के कारण राजधानी सहित छत्तीसगढ़ में जगह-जगह आपराधिक और अनैतिक कार्यों का बोलबाला है। इसी क्रम में एक सप्ताह में 9 हत्याएं और 4 नवंबर को जेल परिसर में गोलीकांड हुआ। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी पदक से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता एक वर्ष में ही विष्णु देव सरकार के कुशासन से परेशान हो चुकी है। छत्तीसगढ़ में जघन्य, आर्थिक अपराधी, गैंगस्टर, सरकार चलाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को विष्णु देव सरकार से अच्छा मुख्यमंत्री मानने लगे हैं। राज्य आंदोलनकारियों ने गृह मंत्रालय नई दिल्ली को समस्त जानकारी प्रेषित की है। इस अवसर पर जीपी चंद्राकर, दीनदयाल वर्मा, जागेश्वर प्रसाद, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनबेर, महेंद्र कौशिक, बृजबिहारी साहू, गोवर्धन वर्मा, भुवनलाल पटेल, विमल ताम्रकार, अशोक कश्यप, श्यामूराम सेन आदि शामिल रहे।

### अक्षर-दीप काव्य संध्या आज

**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में 5 नवंबर को दीपोत्सव पर एक काव्य गोष्ठी 'अक्षर-दीप' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम नवरंग काव्य मंच एवं जैन कवि संगम छत्तीसगढ़ द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 4 बजे से रात्रि 8 बजे तक होगा। यह जानकारी कवि राजेश जैन 'राही' ने देते हुए इस कार्यक्रम में सभी काव्य रसिक शामिल हो सकते हैं।

# महाविद्यालयों में बैठने की जगह नहीं, स्वाध्यायी विद्यार्थियों के लिए हाइब्रिड मोड में कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

शहर के शीर्ष महाविद्यालयों में जगह की ऐसी कमी हो गई है कि वे अपने निजी छात्रों को अब ऑनलाइन पढ़ाई कराने जा रहे हैं। दरअसल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत स्वाध्यायी छात्रों के लिए भी निर्धारित दिनों तक कक्षाओं में उपस्थित रहना अनिवार्य कर दिया गया है। शहर के बड़े महाविद्यालयों में सीट के लिए मारामारी की स्थिति रहती है। ऐसे में प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए बैठक व्यवस्था बनाने में निजी महाविद्यालयों को मशक्कत करनी पड़ रही है। हालात को देखते हुए शहर के शीर्ष महाविद्यालयों ने ऑनलाइन मोड में कक्षाएं संचालित करने का निर्णय किया है।

कई संकाय ऐसे हैं, जिनमें छात्र संख्या कम होती है। इन संकाय के विद्यार्थियों की कक्षाएं ऑफलाइन मोड में होंगी। बीए, बीकॉम में रेगुलर और प्राइवेट दोनों ही विद्यार्थी पर्याप्त संख्या में होते हैं। ऐसे में इनके लिए ऑनलाइन कक्षाएं होंगी। इसके अलावा प्रायोगिक कार्य ऑफलाइन होंगे।

नियमित छात्रों के लिए संचालित होने वाली कक्षाओं को ही ऑनलाइन लाइव प्रसारण की भी व्यवस्था कई महाविद्यालयों द्वारा की जा रही है, ताकि उनके लिए पृथक रूप से कक्षाओं का शेड्यूल ना बनाना पड़े।

#### घटी है छात्र संख्या

गौरतलब है कि दुर्गा कॉलेज, महंत कॉलेज, डागा गर्ल्स कॉलेज में निजी विद्यार्थियों के लिए सर्वाधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। हालांकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नए नियमों के बाद मौजूदा सत्र में बीते सत्र की तुलना में छात्र संख्या घटी है। इस कारण इस बार केंद्र संख्या में भी कटौती की जा सकती है।


फाइल फोटो

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राइवेट स्टूडेंट्स के लिए भी अनिवार्य है 45 दिनों की कक्षाएं
- मौजूदा सत्र से लागू की जा चुकी है नई व्यवस्था, अब महाविद्यालय प्रबंधन कर रहा माथापच्ची

#### सुविधानुसार बंदोबस्त

मंगलवार को सभी स्वाध्यायी छात्रों को बुलाया गया है। इसके बाद छात्रों से चर्चा करते हुए उनकी सुविधानुसार ऑफलाइन-ऑनलाइन कक्षाएं संचालित होंगी। जगह की कमी होने पर हाइब्रिड कक्षाएं संचालित करेंगे।

- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, प्राचार्य, महंत महाविद्यालय

#### आंतरिक मूल्यांकन पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं

जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार, स्वाध्यायी छात्रों का आंतरिक मूल्यांकन 1 से 10 नवंबर तक किया जाना था। इसके पूर्व प्राइवेट छात्रों को 20 अक्टूबर तक का समय ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिया गया था। इसके बाद छात्रों को संबंधित महाविद्यालय में जाकर रजिस्ट्रेशन करवाकर फीस जमा करनी थी। इस मध्य दीपावली अवकाश भी घोषित कर दिया गया। प्रवेश प्रक्रिया में विलंब व अन्य कारणों के चलते तय वक्त पर स्वाध्यायी छात्रों की कक्षाएं प्रारंभ नहीं हो सकीं। अब आंतरिक मूल्यांकन भी पूर्व निर्धारित तिथियों में नहीं होगा।

## आपातकालीन स्थिति से निपटने किया रिहर्सल

# ट्रेन में बम की सूचना पर मॉक ड्रिल आरपीएफ ने खाली कराया प्लेटफार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 पर सोमवार सुबह सारनाथ एक्सप्रेस में बम मिलने की सूचना मिलने के बाद यात्रियों के बीच भगदड़ मच गई। सूचना मिलने के कुछ ही मिनटों में आरपीएफ व जीआरपी के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गए।

भगदड़ में घायल यात्रियों को अस्पताल पहुंचाया गया, तो वहीं एक टीम पूरे ट्रेन में बम की जांच करती रही। इस दृश्य को देखकर यात्री भी घबरा गए कि रेलवे स्टेशन में कहीं कोई बड़ी घटना तो नहीं हो गई! दरअसल यह एक मॉकड्रिल थी, ताकि भगदड़ जैसी आपातकालीन स्थिति में तत्काल राहत और बचाव मिल सके। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ और सिविल डिफेंस ने अभ्यास किया। मॉक ड्रिल में 50 से अधिक अधिकारी मौके पर तैनात थे। इस दौरान यात्रियों की सुरक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।

हरिभूमि सरोकार

स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए। यात्रियों से अपील की गई है कि वे यात्रा करते समय सतर्क रहें और आपातकालीन स्थितियों में धैर्य बनाए रखें।

**आरपीएफ व जीआरपी और सिविल डिफेंस की टीम ने मॉक ड्रिल में भगदड़ को नियंत्रित करने किया अभ्यास**





#### एक घंटे तक चली मॉक ड्रिल

रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों में इनदिनों भारी भीड़ है। ऐसे में मुंबई की तरह रेलवे स्टेशन में भगदड़ राजधानी में भी होने की आशंका है। मॉकड्रिल के जरिए रेलवे भगदड़ जैसे रेलवे हादसे से निपटने के लिए रेलवे की टीम को पूरी तरह से तैयार कर रहा है। यह अभ्यास समय-समय पर किया जाता है। बचाव के दौरान लगने वाले समय का भी आकलन किया गया। मॉक ड्रिल में टीम ने सबसे पहले अधिक से अधिक यात्रियों को भगदड़ स्थल से बाहर निकालने का प्रयास किया। रायपुर में यह मॉक ड्रिल एक घंटे तक चली, जो सफल रही।



#### भीड़ से यात्रियों को बचाने किया अभ्यास

आरपीएफ के प्रभारी निरीक्षक एसके दत्ता ने बताया कि दीपावली के त्योहार को लेकर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे पूरी तरह से मुस्तैद है। रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षा देना है। दीपावली के त्योहार पर ट्रेनों में भीड़ रहती है। ऐसे में अफवाहों के चलते होने वाली भगदड़ से निपटने के लिए रेलवे स्टेशन पर मॉक ड्रिल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान बम होने की सूचना सामने आने पर यात्रियों के बीच होने वाली भगदड़ में घायलों को अस्पताल पहुंचने को लेकर रिहर्सल की गई। इस दौरान स्टेशन पर बम होने की सूचना सामने आने के बाद यात्रियों के बीच होने वाली भगदड़ में घायलों को अस्पताल पहुंचाने को लेकर रिहर्सल की गई। मॉक ड्रिल के दौरान चयनित स्थान की घेराबंदी करते हुए स्थिति को नियंत्रित करने की रिहर्सल की।

# सीएम यादव बोले- हर घर में गोवंश का होना चाहिए पालन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- यादव समाज के दीपावली मिलन में हुए शामिल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुरानी बस्ती में सर्व यादव समाज के दीपावली मिलन समारोह में कहा, भगवान राम और अन्य सभी अवतार भगवान विष्णु के ही रूप हैं और भाजपा का एकमात्र उद्देश्य भारतीय संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने गोवंश संरक्षण का आह्वान करते हुए कहा, हर घर में गोवंश का पालन होना चाहिए, जिससे हर घर गोकुल का रूप ले सके।

कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल समेत यादव समाज के कई प्रमुख प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। इस दौरान सीएम साय और सीएम यादव ने यादव समाज के लोगों से रायपुर दक्षिण उपचुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत दिलाने की अपील भी की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा, भारत माता की जय का उद्घोष हमें हमारी संस्कृति से जोड़ता है और हमें धर्म के मार्ग पर अडिग रहना चाहिए, यही हमें आगे बढ़ाता है। डॉ यादव ने मथुरा में भगवान कृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराते हुए भाजपा को हर बार प्रचंड जीत दिलाने की अपील की। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, जिस प्रकार दक्षिण रायपुर की जनता ने बृजमोहन अग्रवाल को बड़ी जीत दिलाई, वैसे ही अब सुनील सोनी को भी विजयी बनाना है। उन्होंने यह भी कहा, उनकी सरकार जनता के लिए सभी कार्य समय पर करती आई है और आगे भी करेगी। चुनाव के बाद पट्टा वितरण की योजना पर भी काम किया जा रहा है।

# उजियार हमर चिन्हारी सामूहिक लोकनृत्य 9 को

- सामूहिक लोकनृत्य सुआ, करमा और राउत नाचा की प्रस्तुति
- बच्चों के लिए धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


फाइल फोटो

उजियार हमर चिन्हारी का आयोजन 9 तारीख को टिकरापारा स्थित हरदेवलाला मंदिर में किया जा रहा है। इसमें बच्चों के लिए धान व बांस शिल्प पर कार्यशाला होगी। वहीं करमा, सुआ और राउत नाचा सामूहिक नृत्य का आनंद दर्शक उठा सकेंगे।

उजियार संस्था के संस्थापक नागेश वर्मा ने बताया कि युवा पीढ़ी को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ने यह कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ की बहुरंगी संस्कृति को उजियार के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। पिछली बार की तरह इस बार भी नए कॉन्सेप्ट के साथ उजियार कार्यक्रम के लिए संस्था के युवा तैयारी में लगे हैं।

श्री वर्मा ने बताया, कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित होगा। बच्चों के लिए इस बार धान एवं बांस शिल्प कला की कार्यशाला रखी गई है, जिसमें रामकुमार पटेल, पाटन आर्ट गैलरी और चन्द्रप्रकाश, धान कलाकार प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे। दूसरे चरण में ओपन माइक के माध्यम से युवा पीढ़ी प्रतिभा को निखारने का मौका दिया जाएगा। गीत संगीत की प्रस्तुति होगी और तीसरे चरण में सांस्कृतिक संझा में सभी युवा मिलकर सामूहिक लोकनृत्य की प्रस्तुति देंगे। इसमें प्रतिभागी करमा, सुआ, पंथी, राऊत नाचा में थिरकेंगे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव, छत्तीसगढ़ी फिल्म निर्माता व निर्देशक मोहित साहू, विशिष्ट अतिथि, खास पहुना में अंचल के कवि व गीतकार मीरअली मीर, सुशील भोले, रंगकर्मी राकेश तिवारी, लोकगायिका कविता वासनिक, फिल्म कलाकार राजू शर्मा, गायक अनुराग शर्मा, डॉ आकांक्षा साहू, वार्ड पार्षद चंद्रपाल धनगर, अंतरराष्ट्रीय रंगोली कलाकार प्रमोद साहू शामिल होंगे।

# बिगड़ा पहला ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार दूसरा चालू नहीं हो पाया, तीसरे की शिफ्टिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- आयुष विवि से डीके अस्पताल लाया जा रहा तीसरा ऑक्सीजन प्लांट
- दूसरे सरकारी अस्पताल के मरीजों को जरूरत पर दे सकेंगे ऑक्सीजन

कोरोना काल के बाद बिगड़ा डीके अस्पताल का ऑक्सीजन प्लांट अब सुधर गया है। जल्दी ही विशेषज्ञों की कमेटी की ओके रिपोर्ट के बाद इसका उपयोग शुरू कर दिया जाएगा। पीएम केयर फंड से स्थापित प्लांट तकनीकी दिक्कतों के कारण शुरू नहीं हो पाया है और आयुष विवि परिसर से तीसरे ऑक्सीजन प्लांट की शिफ्टिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया।

दावा किया जा रहा है कि डीके अस्पताल परिसर में लगाए गए तीनों प्लांट अगर एक साथ एक्टिव हो जाते हैं, तो उससे उत्पादित होने वाला ऑक्सीजन जरूरत होने पर दूसरे सरकारी अस्पताल को भी सप्लाई किया जा सकेगा। अभी अस्पताल अपने मरीजों के लिए ही ऑक्सीजन खरीद रहा है, जिस पर हर महीने लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। 2022 से बिगड़े प्लांट को चमकी-धमकी के बाद सीजीएमएससी द्वारा तय की एजेंसी ने पुनः सुधारना शुरू किया था, जिसका काम पूरा हो चुका है।

हरिभूमि सरोकार

अस्पताल के उप अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि प्लांट की उपयोगिता साबित करने के लिए विशेषज्ञों की कमेटी का गठन किया गया है जो हर एंगल से प्लांट का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार कर रही है। रिपोर्ट अगर ओके होता है तो इसका उपयोग किया जा सकेगा जिससे अस्पताल प्रबंधन का एक बड़े खर्च की बचत होगी।



फाइल फोटो

#### आयुष विवि के प्लांट की शिफ्टिंग

कोरोना की महामारी के दौरान आयुष विवि में बनाए गए कोविड केयर सेंटर के लिए वहां ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। आपदा समाप्त होने के बाद प्लांट बेकार पड़ा था। इसे डीके अस्पताल में शिफ्ट करने का काम शुरू कर दिया गया है। इसे पीएम केयर प्लांट के समीप रिक्त भूमि पर लगाया जाएगा। इसके लिए वहां निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा चुका है और आने वाले दिनों में इसे एक्टिव कर दिया जाएगा।

#### अनुमति के लिए पत्र व्यवहार

अस्पताल परिसर में कोरोनाकाल के दौरान पीएम केयर फंड से लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की गई थी। काफी खर्च के बाद अस्पताल के भीतर तक पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा किया गया, मगर इसके उपयोग के लिए अनुमति लेने की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा अनुमति पत्र हासिल करने के लिए सीजीएमएससी के जिम्मेदारों से पत्र व्यवहार किया है।

# शादियों के लिए अभी से सभी होटल और मैरिज हॉल बुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 12 नवंबर से गूंजेगी शहनाई, हर सेक्टर में होगी जमकर कमाई

दीपावली के बाद 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी से इस साल फिर से शहनाई गूंजेगी। नवंबर और दिसंबर के दो माह में करीब डेढ़ दर्जन मुहूर्त हैं। इसके लिए पहले से ज्यादातर होटल और मैरिज हॉल पैक हो गए हैं। इस दो माह के सीजन में हर सेक्टर को मिलाकर करीब 400 करोड़ की कमाई होने का अनुमान है। शादियों के सीजन को लेकर हर सेक्टर में बूम है। सराफा में जहां सोने-चांदी की जमकर खरीदारी हो रही है, वहीं बर्तन, कपड़े और वाहनों की भी बिक्री हो रही है।

इस साल अक्षय तृतीया के बाद शादियों का मई और जून में मुहूर्त न होने कारण शादियां नहीं हुई हैं। जुलाई में जरूर आधा दर्जन मुहूर्त में शादियां हुई थीं, लेकिन इसके बाद से लोगों को मुहूर्त का इंतजार है। अब देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह होने प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार जहां नवंबर में थोक में 12 से 29 नवंबर तक 11 मुहूर्त हैं, वहीं दिसंबर में 4 से 15 दिसंबर के बीच में आधा दर्जन मुहूर्त हैं। ऐसे में अब फिर से शादियों का सीजन लौट रहा है। सीजन लौटने से पहले ही बाजार में रौनक है और लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। शादियों के लिए लोग सराफा बाजार में जेवरों की खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि इस समय सोने की कीमत आसमान पर है, इसके बाद भी लोग सोने और चांदी के जेवर ले रहे हैं। लोग अपने बजट के हिसाब सोना ले रहे हैं। इसमें कम ग्राम की खरीदारी का तरीका अपनाया जा रहा है।



#### 400 करोड़ का कारोबार

हाईलेवल शादियों के लिए बड़े होटल और मैरिज हॉल बुक किए जा रहे हैं तो बाकी छोटे मैरिज हॉल और भवन बुक कर रहे हैं। मैरिज हॉल के साथ कैटरिंग और टेंट वालों की भी बुकिंग हो गई है। कारोबारियों की मानें तो इस सीजन में सभी सेक्टरों को मिलाकर चार सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। टेंट कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, यह सीजन अच्छा जाने वाला है, क्योंकि इस बार मई और जून में शादियां न होने के कारण लोगों को नवंबर और दिसंबर के मुहूर्त का ही इंतजार था। इसलिए सभी ने अभी से बुकिंग करा ली है। सभी सेक्टर में अच्छे कारोबार की संभावना है।

#### होटल, मैरिज हॉल, कैटरिंग, सबकी पहले से बुकिंग

राजधानी में 50 से ज्यादा बड़े होटल और मैरिज हॉल हैं। इसमें करीब चार हजार कमरे हैं। इनमें से ज्यादातर शादियों के मुहूर्त के दिनों के लिए बुक हो गए हैं। लोग किसी भी कीमत में बाद में परेशान नहीं होना चाहते, यही वजह है कि नवंबर और दिसंबर के सभी मुहूर्त में होटल, मैरिज हॉल और छोटे सामुदायिक भवन भी बुक हो गए हैं। लोग अपनी हैसियत के हिसाब से बुकिंग करा रहे हैं।

#### दो माह के मुहूर्त

12 नवंबर
13 नवंबर
16 नवंबर
17 नवंबर
18 नवंबर
22 नवंबर
23 नवंबर
25 नवंबर
26 नवंबर
28 नवंबर
29 नवंबर
4 दिसंबर
5 दिसंबर
9 दिसंबर
10 दिसंबर
14 दिसंबर
15 दिसंबर

### पंजाबी सनातन सभा का परिचय सम्मेलन 16 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 28 वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 16 नवंबर को पंजाब केसरी भवन,जोरा में आयोजित किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने बताया कि सम्मेलन में प्रतिभागी युवक या युवती के साथ उसके 2 अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आए लोगों के लिए रुकने और खान पान की व्यवस्था की गई है।परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पंजीयन कराना होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की ओर से पंजीयन प्रारंभ किया गया है। वॉट्सऐप एवं ऑन लाइन के द्वारा भी पंजीयन कराया जा सकता है।पंजाब केसरी भवन के मेरिज ब्यूरो का निर्धारित मोबाइल नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा नागपुर, जबलपुर, भोपाल से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आये प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। सभा की ओर से प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।



हरिभूमि


रायपुर, मंगलवार 5 नवंबर 2024

# लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



हैंडमेड शॉल की बिक्री अब कम...

लाइव इवेंट

## पहले दो हिट गानों से मिल जाती थी लोकप्रियता, अब गाना बनाना ही चुनौती



**रायपुर।** राज्योत्सव के पहले दिन बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी अपनी प्रस्तुति देने सोमवार को राजधानी पहुंची। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता में छत्तीसगढ़ से जुड़ी यादों और अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि राज्योत्सव के खास अवसर पर मैंने छत्तीसगढ़ को लेकर गाना भी गया है। पहले मुझे पता नहीं था कि जो गाना रिकॉर्ड किया है, इसे मुझे सबसे पहले दर्शकों को सुनाने का मौका मिलेगा। गाने का नाम प्रगति की पथ पर छत्तीसगढ़... है। इस गाने में आपको छत्तीसगढ़ का विकास सुनने और जानने को मिलेगा। शान ने कहा कि रायपुर में कई बार आना हुआ है। यहां अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं, जो मुझे आज भी याद है। एक बार मैंने बारिश के दौरान अपनी प्रस्तुति थी। मुझे काफी आनंद आया था, पता नहीं दर्शकों को मजा आया था या नहीं। कल्याण सेन के स्कूल में गया था। 2017 के राज्योत्सव में भी प्रस्तुति देने का मौका मिला था।

### मुंबई वाले तरस जाते हैं पेड़ देखने

छत्तीसगढ़ को लेकर शान ने कहा कि हम शहरों के लोग मुंबई जैसी मायानगरी में एक पेड़ देखने को तरस जाते हैं। आपका राज्य काफी खूबसूरत और हरियाली से भरा हुआ है। यहां के लोग मिलनसार हैं। इसके साथ-साथ यहां का इतिहास भी ऐतिहासिक है। माता कौशल्या का स्थल है। छत्तीसगढ़ अपने आप में आशीर्वाद है। कम समय होने की वजह से पर्यटन स्थलों पर जा नहीं पाया हूं। जनवरी-फरवरी में आना हो सकता है।

### वायरल सिंगिंग भी मुश्किल

*शान का कहना है कि वक्त के साथ संगीत काफी बदला है। पहले सिंगर्स के कुछ गाने हिट होने से उनकी प्रगति की राह आसान हो जाती थी। लोकप्रियता उनके साथ जुड़ जाती थी। वर्तमान में ऐसा नहीं है। अब गाना बनाना एक चुनौती बन चुकी है कि यह लोगों को पंसद आएगा या फिर नहीं। वायरल सिंगिंग भी मुश्किल काम है, जो करते हैं उन्हें सलाम।*



बॉलीवुड गायक शान के नाम रहा राज्योत्सव का **पहला दिन**

# शान के सुरीले सुर...



राज्योत्सव का दिन बॉलीवुड सिंगर शांतनु मुखर्जी शान के नाम रहा। गुलाबी ठंड में शान ने अपनी दिलकश आवाज से न केवल कार्यक्रम को यादगार बनाया बल्कि दर्शकों को भी खूब नचाया। मंच पर आते ही शान ने छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया के नारे के साथ दर्शकों के दिल में अपनी जगह बना ली। शान ने सभी को राज्योत्सव की बधाई दी, जिसके बाद मुझको पहचान लो मैं हूं डॉन... व ओम शांति ओम..,चार कदम चल दो न साथ मेरे...के साथ अपनी सुरीली आवाज का ऐसा जादू चलाया कि सभी वर्ग के दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।



**रायपुर।** एक घंटे की प्रस्तुति में शान ने नए व पुराने गीतों की प्रस्तुति दी। चंदा मामा सो गए, बम-बम भोले, बहती हवा सा था वो, ओ हमदम सुनियो रे, हम जो चलने लगे... जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुति दी। देर रात तक श्रोताओं की फरमाइशें आती रही। शान ने किसी को भी निराश नहीं किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत मंत्री व विधायकों ने भी लाइव प्रस्तुति का आंनद लिया।

### नए व पुराने बॉलीवुड गीतों से जीता दिल

शान ने बॉलीवुड के अपने लोकप्रिय गानों से दर्शकों का दिल जीता लिया। गीतों की प्रस्तुति के दौरान दर्शकों ने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर गाने का आनंद उठाया। इसके अलावा पुराने और नए गानों ने लोगों को झूमने पर मजबूर किया। दर्शकों के साथ शान भी खुद ही गाने के साथ-साथ डांस कर रहे थे, जिसे देख लोगों का जोश भी हाई था। अपने पसंदीदा गायक को करीब से सुनकर प्रसन्न हुए। कार्यक्रम में युवाओं ने जमकर एंजॉय किया। शान प्यार और रिमिक्स व पार्टी सांग की प्रस्तुति से कार्यक्रम का माहौल बदलते रहे।

### अंत तक बनी रही ऊर्जा

शान ने कार्यक्रम की शुरूआत जिस ऊर्जा के साथ ही समापन भी उसी अंदाज में किया। कार्यक्रम में डॉन.., दस बहाने करके ले गए दिल.., ऑल इज वेल... गानों ने दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था। इसके बाद जब शान ने छत्तीसगढ़ी गाना छुनूर-छूनर पैरी बाजे..,गाया तो दर्शक भी अपनी जगहों पर गीतों को गुनगुनाते और नाचते हुए नजर आए। रात 11:30 तक शान ने लगातार अपने हिट गानों की प्रस्तुति दी।

सिटी इवेंट

## बढ़ाएं सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियां



**रायपुर।** दीपों का महापर्व बीतने के साथ ही अब अलग-अलग समाज के लोगों द्वारा दीपावली मिलन का क्रम शुरू किया गया है। आपसी सौहार्द बढ़ाने के लिए सोमवार को नहरपारा स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर में छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज द्वारा सामाजिक मिलन कार्यक्रम रखा गया। इसका शुभारंभ भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना से किया गया। इसमें समाज से जुड़े हर वर्ग के लोगों ने भाग लिया। दीपावली मिलन में रज्जन श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, प्रमोद खरे, छाया खरे, प्रकाश श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, अनुषा श्रीवास्तव सहित आस-पास रहने वाले कायस्थ समाज के लोग भी परिवार के साथ शामिल हुए।

### आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा

समाज के एनएल श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव के मार्ग-दर्शन में आराध्य देव की पूजा के बाद लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही दीपावली मिलन में शामिल लोगों ने एक-दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए सामाजिक सरोकार से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ाने पर जोर देते हुए अब आंवला नवमी मनाने को लेकर आपसी चर्चा की। समाज के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई।

## दीपावली मिलन में एकजुट हुए व्यापारी



रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन का दिपावली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी ने सदस्यों को दीपावली की बधाई दीप जलाकर दी। कार्यक्रम में चैबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी विशेष रूप से शामिल हुए । उन्होंने रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के सभी सदस्यों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव,राम मध्यान, वाशु मखीजा, शंकर बजाज, टी एस रेड्डी ,रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के संरक्षक गिरीश सिंघवी, मंगल शाह, सुशील सराफ, गोविंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष-अमित अग्रवाल, विक्रम व्यास,रमेश जैन सहित सदस्य उपस्थित थे।




## बिखरी माटी की महक... लोककलाओं की अद्भुत प्रस्तुति







### रजनी रजक की लोकगाथा

रजनी रजक की लोकगाथा पर आधारित ढोला-मारू की प्रस्तुति रेवा-पेरवा जादूगरनी की कहानी को गायन विधा में तथा महेन्द्र चौहान एवं साथी द्वारा प्रस्तुत आदिवृंदम एवं चन्द्रभूषण वर्मा की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कलाकार पारंपरिक परिधानों में शामिल हुए। गायन के साथ वाद्यकला भी प्रभावित करने वाली रही। पारंपरिक वाद्ययंत्रों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। लोककलाकारों संग सेल्फी लेते हुए भी दर्शक नजर आए।

### सुवा व करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के शुभारंभ के पूर्व से ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों का दौर शुरू हो गया। सुप्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक कलाकार स्व.लक्ष्मण मस्तुरिहा के गीतों की प्रस्तुति ने खूब समां बांधा। रिखी क्षत्रीय की टीम ने छत्तीसगढ़ राज्य में अलग-अलग महीनों में आयोजित होने वाले तीज-त्यौहार एवं लोकपर्व आधारित कार्यक्रमों की संवाद, गीत एवं नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी। उनकी टीम ने तीजा-पोरा, हरेली, गौरी-गौरा पूजा के साथ ही सुवा नृत्य एवं करमा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।





## सजावटी मछली में खोए, मोबाइल वाहन से पशुओं की जांच, ड्रोन से बीज छिड़कने के साथ पानी देने मिल रहे युवाओं को टिप्स



विभागीय स्टालों पर पहले दिन से ही भीड़, अपनी तकनीक साझा कर रहे विभाग

*रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस का उत्सव नवा रायपुर में इस साल भी राज्योत्सव के रूप में शुरू हुआ। इसके लिए एक सप्ताह से चल रही तैयारी के बाद सोमवार को पहले दिन लोगों की भीड़ शाम को बढ़ी। यहां सरकार के अलग-अलग विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही लोगों को नई तकनीक के बारे में बताने की तैयारी की गई है। परिवार के साथ राज्योत्सव में शिरकत करने के लिए पहुंचने वाले लोग वहां सजाए गए स्टालों पर भी ठहर रहे हैं। जहां कृषक-खेती तो युवा कपड़े, सजावटी सामान के साथ यातायात विभाग की जानकारी लेने भी पहुंच रहे हैं। पशु पालकों का लगाव चिकित्सा से जुड़ी सेवा में भी देखने को मिला। युवा वर्ग कृषि में नए संसाधनों के प्रयोग व स्वरोजगार के अवसर तलाशते नजर आए।*

### तीन लाख से शुरु कर सकते हैं सजावटी मछली का कारोबार

इस बार राज्योत्सव में बैकयार्ड सजावटी मछली के स्टॉल पर हर वर्ग के लोगों का हुजूम देखने को मिला। जहां लोगों की जिज्ञासा को देखते हुए एक्सपर्ट बता रहे थे कि इस व्यवसाय की शुरुआत तीन लाख की लागत से शुरू की जा सकती है। कम से कम 150 वर्गमीटर जमीन में सजावटी मछली का पालन शुरू कर सकते हैं। इसके लिए शेड, संवर्धन, प्रजनन के लिए टैंक का निर्माण करवाना होगा। इसके उत्पादन के लिए अलग-अलग कैटेगरी में लागत और जमीन का दायरा कम व ज्यादा हो सकता है। इसमें शासन द्वारा सामान्य वर्ग के लिए 40 फीसदी तक अनुदान का भी प्रावधान किया जाता है।

### मोबाइल वाहन में पशु जांच की सुविधा

पशु पालन से जुड़े लोगों का लगाव मोबाइल वाहन के स्टॉल पर ज्यादा रहा। वे वाहन में लगे जीपीएस ट्रैकिंग सुविधा से किस तरह से चिकित्सा सेवा मिलती है, इसके बारे में जानने के लिए इच्छुक नजर आए। जहां वाहन सेवा से जुड़े पशु चिकित्सक बता रहे थे कि हेल्पलाइन नंबर 1962 पर कॉल करके लोग वाहन को अपने क्षेत्र में बुला सकते हैं। इसमें पशुओं के खून, मूत्र, गोबर की जांच के साथ इलाज की सुविधा दी जाती है। इसके साथ ही कृत्रिम गर्भाधान में भी ट्रैकिंग वाहन के साथ चलने वाले चिकित्सक सही मार्गदर्शन देते हैं। यह सेवा सुबह 8 से शाम शाम 4 बजे तक रोज तीन गांव में देते हैं।

### कृषि ड्रोन से बचेगा आपका समय

खेती-किसानी से जुड़े लोग दवा छिड़काव में ड्रोन का इस्तेमाल कैसे किया जा सकता है, सप्रे सिस्टम कैसे काम करता है, इसके बारे में जानने के लिए स्टॉल पर जमे रहे। एक्सपर्ट उन्हें कृषि ड्रोन की उपलब्धता के साथ यह भी बताते नजर आए कि ड्रोन खरीदकर इसे स्व-रोजगार के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। नई तकनीक से दवा और बीज का छिड़काव करने में लगने वाले समय के बारे में भी बताया गया।

### लर्निंग लाइसेंस बनवाने दिखा उत्साह

यातायात विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल पर लोग निर्भया कमांड सेंटर में बेसिक जानकारी लेने के लिए पहुंचे। जहां विभाग ने अलग-अलग काउंटर पर लर्निंग लाइसेंस बनाने का इंतजाम किया है। इनमें ज्यादातर युवा शामिल थे, जिन्हें लर्निंग लाइसेंस को किस तरह से नियमित करवा सकते हैं, इसकी जानकारी देते हुए विभाग के लोग सहयोग करते नजर आए। इस स्टॉल पर चौक-चौराहे पर चलते समय किस तरह की सावधानी रखनी चाहिए, रांग साइड चलना कितना जोखिम से भरा होता है, यह बताने के लिए दुर्घटना से संबंधित तस्वीरें भी सजाई गई हैं, ताकि लोगों को आसानी से हादसे की वजह को बताया जा सके।

एजूकेशन अपडेट

## सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन शुरू रविवि ने 20 नवंबर तक दिया समय



**रायपुर।** दिसंबर-जनवरी में होने वाली सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए रविवि ने ऑनलाइन आवेदन भरे जाने प्रारंभ कर दिए हैं। फिलहाल ये अधिसूचना स्नातक स्तर पर प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए जारी की गई है। मौजूदा शैक्षणिक सत्र से स्नातक स्तर पर भी सेमेस्टर आधार पर परीक्षाएं होंगी। इसके लिए रविवि द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक, एक नवंबर से आवेदन पोर्टल खोल दिए गए हैं। छात्र 20 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 21 से 25 नवंबर तक का समय दिया जाएगा। इस दौरान लेट फीस के रूप में 100 रुपए का भुगतान करना होगा। रविवि ने इससे संबंधित सूचना महाविद्यालयों को प्रेषित करने के साथ ही विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड कर दी है।

### जरूरी है यूजर-आईडी

छात्रों को किस विषय के लिए कितने शुल्क का भुगतान करना होगा, इसका विवरण भी रविवि द्वारा दे दिया गया है। भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही होगा। छात्रों को परीक्षा आवेदन पत्र भरने के पूर्व अनिवार्य रूप से यूजर आईडी बनाना होगा। इसके लिए क्रिएट यूजर आईडी का विकल्प रविवि के आवेदन संबंधित लिंक पर मिल जाएगा। इसके आधार पर ही आने वाले सेमेस्टर में छात्र फॉर्म भर सकेंगे। नियमित और स्वाध्यायी दोनों ही छात्रों के लिए रविवि ने एक ही आवेदन तिथि निर्धारित की है। सेमेस्टर की परीक्षा तिथि नवंबर अंत अथवा दिसंबर तक घोषित की जा सकती है। परीक्षाएं दिसंबर अंत अथवा जनवरी में होंगी।

धर्म लाइव

## शबद कीर्तन में जुटे नन्हें गुरबाणी सुन संगत मुग्ध



**रायपुर।** प्रकाश पर्व के पूर्व प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बच्चों को गुरबाणी से जोड़ने, बाल्यकाल से ही सिख गुरुओं के बलिदानी इतिहास की संपूर्ण जानकारी शबद, कविता के माध्यम से देने गुरुद्वारा स्टेशन रोड में बच्चों का शबद कीर्तन आयोजित किया गया, जिसमें 110 बच्चों ने गुरबाणी गायन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने कहा कि अपने सिख धर्म के प्रति जागरूक करने की बचपन ही सही अवस्था होती है। गुरबाणी को संगीत के साथ जोड़कर बच्चों को एक स्टेज प्रदान किया जाता है, ताकि भविष्य में बच्चा अपने धार्मिक महत्व से भली-भांति परिचित रहे।

### 2 वर्षीय बालिका की सुरीली प्रस्तुति

बच्चों के शबद कीर्तन में 2 साल की बच्ची से लेकर बड़े बच्चों ने जहां अपनी सुरीली आवाज में संगीतमय शबद गायन किया। वहीं बच्चों ने दहाड़ती बुलंद आवाज में वीर रस कविता की प्रस्तुति दी। अद्भुत तबला वादक के रुप में करनजोत सिह सलूजा व हरजस सिह अजमानी को सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, कल्याण सिंह पसरीजा, इंदरजीत सिंह छाबड़ा, गुरमीत सिंह गुरदत्ता, मंजीत सिंह सलूजा, तेजिंदर सिंह होरा, हरजीत सिंह सहित समाज के अन्य गणमान्य शामिल रहे।

समाज इवेंट

## शोध के लिए स्कॉटलैंड, यूके से सम्मानित हुए एम्स के चिकित्सक

**रायपुर।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पुगाझेंथन थंगराजु को यूनाइटेड किंगडम के रॉयल कॉलेज ऑफ फिजीशियन एंड सर्जन ऑफ ग्लासगो, स्कॉटलैंड से प्रतिष्ठित फेलोशिप का सम्मान मिला है। यूनाइटेड किंगडम का सबसे पुराना और प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्थान है। यह संस्थान केवल अपनी विशेषताओं में महान योगदान देने वाले सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को अपने अकादमिक पूल में फेलो के रूप में शामिल करता है। डॉ. थंगराजु को भारत में कुष्ठ रोग अनुसंधान, कुष्ठ प्रतिक्रिया और कुष्ठ से संबंधित जागरूकता कार्यक्रमों में उनके योगदान, क्लिनिकल फार्माकोलॉजी, औषधि सुरक्षा, चिकित्सा उपकरण सुरक्षा और सार्वजनिक जागरूकता में उनके कार्यों के कारण प्राप्त हुआ है। उन्हें पिछले वर्ष रॉयल कॉलेज ऑफ फिजिशियन, लंदन का फेलो भी चुना गया था। उनके नाम पर 140 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशन, 23 कॉपीराइट्स और 12 वैश्विक पेटेंट हैं।

### सरकारी अस्पतालों को मिलीं 39 डायलिसिस मशीनें

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, इंडियन आयल कार्पोरेशन एवं फेयरफैक्स इंडिया चैरिटेबल फाउंडेशन ने पिछले दिनों एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। एमओयू के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग को इंडियन आयल कॉर्पोरेशन द्वारा 39 डायलिसिस मशीनें प्रदान की जाएंगी। ये मशीनें नवीन गठित जिलों में तथा उन स्थानों पर स्थापित की जाएंगी, जहां डायलिसिस की मशीनें पुरानी हैं एवं मरीजों की संख्या ज्यादा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा किडनी की बीमारी से जूझ रहे मरीजों को डायलिसिस की सुविधा प्रदान करने के लिए जिला अस्पताल स्तर पर मशीनों की व्यवस्था की गई है।

● सजा तिब्बती वूलन बाजार, अन्य स्थानों भी लगने लगे स्टॉल

# हैंडमेड शॉल की बिक्री अब कम, इसकी जगह मशीनी गर्म कपड़ों की खरीदी, तिब्बत व लुधियाना से आए कारोबारी

गुलाबी सर्दियों की दस्तक के साथ ही शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सज चुका है। मोतीबाग, सुंदर नगर, अनुपम गार्डन, सिद्धार्थ चौक, गोल बाजार सहित कई जगहों में गर्म कपड़ों का बाजार सजाया गया है। यहां अन्य राज्यों के व्यापारियों ने स्टॉल सजाया है। कड़ाके की ठंड से पहले ही शहर में कई राज्यों से स्वेटर सहित ऊन से बने शर्ट, टी-शर्ट, जैकेट, ब्लेजर भी लाए गए हैं।

**रायपुर।** इस वर्ष भी पिछले वर्ष की तरह नए डिजाइनर ऊनी कपड़े मार्केट में हैं, जिसकी कीमत 500 रुपए से शुरु होकर 4 हजार तक है। स्टॉल संचालकों के मुताबिक, बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक डिजाइनर ऊनी कपड़े स्टॉल में मौजूद हैं। जिसकी खरीदी लुधियाना से की गई है। इसमें बच्चों से लेकर बड़ों के लिए डिजाइनर ऊनी हैं। इस वर्ष जैकेट भी नए डिजाइन में बाजार मौजूद हैं। सभी स्टॉल में लाइट व डार्क दोनों प्रकार के कपड़े लाए गए हैं।



तिब्बती बाजार भी सजा

मोतीबाग के सामने लगाया जाने वाला तिब्बती वूलन मार्केट भी सज चुका है। यहां ठंड के लिए डिजाइनर मोजा, टोपी, हैंड ग्लव्स, जैकेट, ब्लेजर सजाए गए हैं। बच्चों से लेकर बड़ों तक के ऊनी वस्त्रों यहां मौजूद हैं। बाजार को परंपरागत अंदाज में सजाया गया है, जहां दुकान संचालक अपने पारंपरिक वस्त्रों में नजर आ रहे हैं। बच्चों के लिए कार्टूप पैटर्न के हैंड ग्लव्स लाए गए हैं, जिसकी कीमत 200 रुपए से शुरु है। बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष महिलाओं के लिए अधिक नए कलेक्शन हैं, जिसमें जैकेट आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इस वर्ष बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए रंग-बिरंगी टोपी भी लाई गई है, जिसकी कीमत 300 रुपए से शुरु है।




### दूसरे राज्यों से पहुंचेंगे व्यापारी

मोतीबाग स्थित एक दुकान संचालक मो.सलीम ने बताया, प्रत्येक वर्ष दीपावली के बाद शहर के व्यापारियों द्वारा वूलन बाजार सजाया जाता है। इसमें अन्य राज्यों से भी व्यापारी शामिल होते हैं। वूलन बाजार सजाने के लिए स्टॉल तैयार किया जा रहा है, जिसे 1-2 सप्ताह में पूर्ण रुप से तैयार कर लिया जाएगा। शहर के गोलबाजार एवं शास्त्री बाजार के व्यापारी स्टॉल सजाने जा रहे हैं। यह स्टॉल लंबे वक्त तक लगाया जाता है, जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों के लिए नए कलेक्शन देखने को मिलेगा।

### डिजाइनर शॉल महिलाओं की पहली पसंद

एक अन्य स्टॉल संचालक प्रफुल्ल सिंग ने बताया, लुधियाना के अलावा पानीपथ से ऊनी कपड़े लाए गए हैं। दुकान में डिजाइनर शॉल, कंबल व ऊनी कपड़े मौजूद हैं, जिसकी कीमत 500 रुपए से 3000 तक है। डिजाइनर शॉल महिलाओं की पहली पसंद होती है, जिसके न्यू कलेक्शन भी मौजूद हैं। इसमें चमकीले धागों से मशीनी वर्क किया गया है। बीते कुछ सालों से हैंडमेड शॉल की खरीदी कम हो गई है, अब में मशीन वर्क के शॉल व ऊनी कपड़ों की खरीदी की जाती है।



### सॉफ्ट फैब्रिक खरीदारों की पहली पसंद

सिद्धार्थ चौक स्थित स्टॉल संचालक गौरव सिंग ने बताया, दुकान में बाबा सूट, हुडी, जैकेट, लॉन्ग स्वेटर, टोपी मौजूद है। ऊनी वस्त्रों में भी कई वैरायटी होती है, जिसमें अधिक्तर सॉफ्ट फैब्रिक के कपड़े खरीदारों की पहली पसंद होते हैं। दुकान में विभिन्न पैटर्न के ऊनी कपड़े लाए गए हैं। इस वर्ष महिलाओं के लिए डिजाइनर स्वेटर लाया गया है।

### ऊन से बनी हुई कुर्ती और पेंट

अनुपम गार्डन स्थित एक स्टॉल संचालक जयप्रकाश सिंग ने बताया, दुकान में 500-600 रूपए की रेंज में नए डिजाइनर ऊनी कपड़े लाए गए हैं। इस वर्ष महिलाओं के लिए कुर्ती व पेंट ऊनी कपड़े तैयार किए गए हैं, जिसकी कीमत 2000 से अधिक तक है। इसके साथ ही युवाओं व बड़ों के लिए जैकेट पेटर्न में गर्म कपड़े लाए गए हैं। सभी कपड़े लुधियाना से लाए गए हैं। महिलाओं के स्वेटर में नेट वर्क, स्टोन वर्क, मोती वर्क व धागों से वर्क किया गया है।

एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विशेष प्रवचन श्रृंखला

## उपधान तप में बिताया साधु जीवन, इसे ही सपना बनाकर त्याग दिया सांसारिक जीवन

राग का त्याग करें। त्याग का राग रखें। यही संयम जीवन का सार है। व्यक्ति संसार में रहकर चाहता है कि दुख न हो। भला बिना छेद वाली छलनी भी कहीं मिलती है? जैसे छेद बिना चलनी नहीं हो सकती, वैसे ही दुख बिना इस संसार की कल्पना बेकार है। जहां संयोग है, वहां वियोग भी तय है। योग-वियोग से ऊपर मोक्ष को अपनी आत्मा का परम लक्ष्य बनाइए। असल आनंद इसी में छिपा है।



**रायपुर।** एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चल रही विशेष प्रवचन श्रृंखला में सोमवार को श्री विराग मुनि ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि बैंक बैलेंस में आगे जितना शून्य लगता जाएगा, जीवन में उतनी ही ज्यादा शून्यता आती जाएगी। जीवन में अगर आप अवसर तलाश रहे हैं, तो सबसे पहले उस शब्द को समझिए जिसकी तलाश में हैं। अवसर कहता है अब सर। यानी जन्म-मरण के चक्र से आगे बढ़।



### छूट गया प्रवचन-सत्संग

धर्मसभा में मुमुक्षु निकिता कटारिया ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने बताया कि पहले भी एक बार दीक्षा लेने की इच्छा जताई थी। योग-संयोग ऐसे बने कि दीक्षा लेना दूर, पारिवारिक कारणों से 2 साल तक प्रवचन-सत्संग भी छूट गया। हालांकि, इसके बाद भी मन में लगातार चारित्र अपनाने के विचार चलते रहे। इस बीच उपधान तप में शामिल होने का मौका मिला। इससे मन के भीतर संयम की भावना और भी बलवती हो उठी। घर की लाडली होने की वजह से परिवार वाले थोड़े चिंतित थे। कुछ समय और रूकने कह रहे थे। इस बीच उनकी मुमुक्षु अरिहंत बुरड़ से मुलाकात हुई। उन्हें संयम लेने की इच्छा के बारे में बताया। इसके बाद उन्होंने खुद मेरे माता-पिता से बात कर उन्हें ऐसे कन्विंस किया कि इस बार वे मना नहीं कर पाए। दीक्षा के लिए हां कर दी। आखिर में निकिता ने दीक्षा का स्वप्न पूरा होने पर अपनी गुरुवर्या, माता-पिता के साथ अरिहंत बुरड़ का भी आभार माना।



## पंजाबी सनातन परिचय सम्मेलन 16 को, व्हॉट्सएेप से भी पंजीयन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा का 28 वां पंजाबी युवक युवती परिचय सम्मेलन 16 नवंबर को पंजाब केसरी भवन, जोरा में आयोजित किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष जवाहर खन्ना एवं मेरिज ब्यूरो सचिव प्रीतम अरोरा ने बताया कि सम्मेलन में प्रतिभागी युवक या युवती के साथ उसके 2 अभिभावक शामिल हो सकते हैं। दूर दराज क्षेत्रों से आए लोगों के लिए रुकने और खान-पान की व्यवस्था की गई है। परिचय सम्मेलन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को पंजीयन कराना होगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन सभा की ओर से पंजीयन प्रारंभ किया गया है। वॉट्सएप एवं ऑनलाइन पंजीयन भी कराया जा सकता है। पंजाब केसरी भवन के मैरिज ब्यूरो के निर्धारित मोबाइल नंबर में फोन करके अधिक जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पदाधिकारी द्वय ने बताया कि सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के अलावा नागपुर, जबलपुर, भोपाल से समाज के प्रतिनिधि अपनें शहरों में दर्ज बॉयोडाटा लेकर आएंगे, जिसे सम्मेलन में आए प्रतिभागी निशुल्क अवलोकन कर सकेंगे। सभा की ओर से प्रतिवर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

मंगलवार से प्रारंभ हो जाएंगे विवाह सहित सभी प्रकार के धार्मिक कार्य

# संध्याकाल 4 बजकर 4 मिनट पर समाप्त होगी एकादशी तिथि, इस बार हर्षण और शिववास योग में मनेगी देवउठनी

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** वैदिक पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी 12 नवंबर को है। एकादशी तिथि 11 नवंबर को संध्याकाल 6 बजकर 46 मिनट पर शुरू होगी और 12 नवंबर को संध्याकाल 4 बजकर 4 मिनट पर समाप्त होगी। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। अतः 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी मनाई जाएगी। साधक 12 नवंबर के दिन एकादशी का व्रत रख लक्ष्मी नारायण जी की पूजा कर सकते हैं। वहीं, एकादशी व्रत का पारण 13 नवंबर को सुबह 6 बजकर 42 मिनट से लेकर 8 बजकर 51 मिनट के मध्य पारण कर सकते हैं।

हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि के अगले दिन देवउठनी एकादशी मनाई जाती है। यह पर्व भगवान विष्णु को समर्पित होता है।



देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह किए जाने का विधान है। इसे देखते हुए मार्केट में तुलसी चौरा सज गए हैं। मार्बल के तुलसी चौरा से लेकर मिट्टी और सीमेंट के तुलसी चौरे आए हुए हैं। इनकी कीमतें भी भिन्न-भिन्न हैं। मार्बल की तुलना में मिट्टी और सीमेंट निर्मित तुलसी चौरे की बिक्री अधिक हो रही है।

इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु चार माह की योगनिद्रा के बाद जागृत होते हैं। इस शुभ अवसर पर भगवान विष्णु की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। इसके अगले दिन तुलसी विवाह मनाया जाता है। देवउठनी एकादशी तिथि से सभी प्रकार के मांगलिक कार्य किए जाते हैं। धार्मिक मत है कि भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। साथ ही जीवन में खुशियों का आगमन होता है। ज्योतिषियों की मानें तो देवउठनी एकादशी पर कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होगी।

### हर्षण योग : संध्याकाल 7.10 बजे होगा समापन

*ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को हर्षण योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का समापन संध्याकाल 7 बजकर 10 मिनट पर होगा। हर्षण योग बेहद शुभकारी माना जाता है। इस योग में भगवान विष्णु की पूजा करने से साधक को शुभ फल की प्राप्ति होती है।*

### शिववास योग : संध्याकाल 4.15 से शुरुआत

*कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को संध्याकाल में शिववास योग का निर्माण हो रहा है। इस योग का संयोग संध्याकाल 4 बजकर 5 मिनट से बन रहा है। इस योग में भगवान शिव कैलाश पर विराजमान रहेंगे। शिववास योग में लक्ष्मी-नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी।*

### उत्तर भाद्रपद नक्षत्र संग बव करण योग

*कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी देवउठनी एकादशी को उत्तर भाद्रपद नक्षत्र का संयोग बन रहा है। साथ ही बव करण का भी निर्माण हो रहा है। ज्योतिष दोनों योग को शुभ मानते हैं। इन योग में लक्ष्मी नारायण जी की पूजा करने से शुभ फल की प्राप्ति होगी। साथ ही जीवन में व्याप्त दुखों का नाश होगा।*

ज्योतिष

## राशि परिवर्तन राजयोग बनने से इन राशियों की चमकेगी किस्मत



वैदिक ज्योतिष शास्त्र में गुरु और शुक्र दोनों ही ग्रहों का विशेष महत्व होता है। गुरु जहां ज्ञान, संतान और धन के कारक माने जाते है तो वहीं शुक्र सुख, सौंदर्य और भोग-विलास के कारक ग्रह होते हैं। गुरु और शुक्र दोनों का ही राशि परिवर्तन बहुत ही महत्वपूर्ण माना गया है। गुरु और शुक्र दोनों ही ग्रह जब-जब एक निश्चित अंतराल पर अपनी राशि परिवर्तन करते हैं तो इसका व्यापक असर सभी राशियों के जातकों के जीवन पर देखने को मिलता है। सुख और वैभव प्रदान करने वाले शुक्र ग्रह हर 26 दिनों में राशि परिवर्तन करते हैं वहीं गुरु करीब 13 महीनों के अंतराल पर राशि परिवर्तन करते हैं। गुरु और शुक्र की वर्तमान स्थिति की बात करें तो गुरु अभी शुक्र की राशि वृषभ में हैं।वहीं, शुक्र 7 नवंबर को गुरु की राशि धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे। गुरु का शुक्र की राशि में होने से और शुक्र का गुरु की राशि में आने से राशि परिवर्तन राजयोग का निर्माण होगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र का राशि परिवर्तन योग बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो सकता है। सिंह राशि में शुक्र पांचवें भाव में और गुरु दसवें भाव में विराजमान हैं। इस राशि के जातकों को संतान की तरफ से कोई खुशखबरी मिल सकती है। संतान शिक्षा के क्षेत्र में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल कर सकता है। मान-सम्मान में वृद्धि के योग हैं। गुरु और शुक्र की अच्छी स्थिति होने से सुख, वैभव , मान-सम्मान और धन-दौलत में इजाफा देखने को मिलेगा। इस राशि के जातकों को सरकारी नौकरी के योग बन रहे हैं। वहीं जो लोग व्यापार से संबंधित हैं उन्हे करियर में अच्छी सफलता हासिल हो सकती है।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र के कारण बना राशि परिवर्तन योग बहुत ही लाभकारी रहेगा। आपकी राशि में शुक्र चौथे और नवम भाव में गुरु विराजमान होंगे। ऐसे में कन्या राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में अच्छी सफलता और खूब धन की प्राप्ति की संभावना है। घर में किसी सदस्य की तरफ से कोई बड़ी खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। इस राशि के जातकों को भाग्य का अच्छा साथ मिलेगा। मान-सम्मान में इजाफा, घर, वाहन और भौतिक भोग-विलास का सुख प्राप्त हो सकता है। अचानक से धन के प्राप्ति के योग बन रहे हैं। सेहत अच्छी रहेगी और परिवार के सदस्यों का भरपूर साथ मिलेगा।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए गुरु-शुक्र राशि परिवर्नत योग बहुत ही अच्छा और शुभ साबित होगा। आपकी राशि में गुरु सातवें और शुक्र दूसरे यानी धन के भाव में विराजमान होंगे। ऐसे में आपको धन से संबंधित सभी प्रकार की परेशानियों से जल्द ही निजात मिलेगी। अचानक से धन लाभ के योग बन रहे हैं। रुका हुआ धन मिलने से आपकी चिंताएं अब समाप्त होंगी। पैतृक संपत्ति से लाभ की संभावना है। नौकरीपेशा जातकों नौकरी में प्रमोशन और वेतन में वृद्धि के योग बन रहे हैं। अब से करियर की सभी चिंताएं धीरे- धीरे खत्म होंगी। व्यापार में अच्छा मुनाफा मिलने के योग हैं।

## जानें मंगलवार का आपका लकी नंबर और शुभ रंग कौन सा होगा



अंक ज्योतिष द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानी 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं, जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे।

**अंक 1 :** आज आपको सफलता पाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। आपकी कला एवं संगीत में विशेष रुचि रहेगी। खाली समय में दोस्तों के साथ किसी अहम मुद्दे पर चर्चा करेंगे। विरोधियों में आपका भय बना रहेगा।
शुभ अंक – 19, शुभ रंग – लाल

**अंक 2 :** उतावलापन से कोई भी निर्णय न लें अन्यथा हानि होगी। आज आपकी तरफ नए मित्र दोस्ती का हाथ बढ़ायेंगे। माता के आशीर्वाद से कोई भी कार्य करेंगे तो सफलता मिलेगा।
शुभ अंक – 1, शुभ रंग – सफेद

**अंक 3 :** आज अपने परिवार, भाई- बहन के साथ सुखद समय बितेगा। विद्यार्थियों के लिए, प्रॉपर्टी, जमीन-जायदाद का कार्य करने वाले लोगों के लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। जरूरत है वाणी पर नियंत्रण की।
शुभ अंक – 6, शुभ रंग - हल्का नीला

**अंक 4 :** आर्थिक लेन-देन में सावधानी बरतें। प्यार में थोड़ी निराशा हाथ लग सकती है। आप अपनी मीठी बातों द्वारा स्थिति को संभाल लेंगें। पार्टनरशिप से कोई नया व्यापार शुरू कर सकते हैं।
शुभ अंक – 11, शुभ रंग – नारंगी

### खान-पान और वर्कआउट का रखते हैं ख्याल

# जीरा, सौंफ, धनिया का पानी पीने से शरीर को मिलते हैं अनगिनत फायदे

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए हम न जाने कितने प्रयास करते हैं। पूरे दिन हम खान-पान और वर्कआउट का ख्याल रखते हैं, ताकि हम खुद को स्वस्थ और फिट रख सकें। खासतौर पर हममें से कई लोग अपने बढ़ते वजन से परेशान होकर घंटों एक्सरसाइज और डाइट पर सख्ती से ध्यान देने लगते हैं, लेकिन ऐसा करने से कई बार आपके शरीर पर उल्टा असर पड़ता है। इसलिए उचित आहार की आवश्यकता होती है। खासतौर पर आपके शरीर में मौजूद गंदगी को साफ करना बहुत जरूरी है। अगर आप चाहते हैं कि आपका वजन सही रहे और आप फिट और स्वस्थ रहें तो जीरा, सौंफ और धनिये से तैयार पानी का सेवन करें।



### पाचन संबंधी समस्याओं को कम करें

जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पीने से आपकी पाचन संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं. यह पानी आपके पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है, जिससे आपके शरीर में मौजूद गंदगी बाहर निकल जाती है। सुबह खाली पेट इसका सेवन आपके शरीर को दोगुना फायदा पहुंचा सकता है। पेट के स्वास्थ्य में सुधार के लिए नियमित रूप से खाली पेट जीरा, धनिया और सौंफ का पानी पियें।

### त्वचा संबंधी समस्याएं

जीरा, सौंफ और धनिये से तैयार पानी पीने से आपकी त्वचा संबंधी समस्याएं कम हो सकती हैं। क्योंकि यह पानी आपके शरीर में हार्मोन को संतुलित करता है। साथ ही शरीर में मौजूद गंदगी को भी बाहर निकालता है, जिससे आपके चेहरे पर चमक आ सकती है।



### रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

बारिश के मौसम में सर्दी, वायरल, बैक्टीरियल समस्याओं से बचने के लिए आपको अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने की जरूरत है। ऐसे में जीरा, धनिया और सौंफ आपके लिए किसी जड़ी-बूटी से कम नहीं हैं। इन सभी चीजों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, जिससे आपकी समस्याएं काफी हद तक नियंत्रण में रहती हैं।

### शरीर से गंदगी बाहर निकालें

शरीर में मौजूद गंदगी को साफ करने के लिए आप इस खास पानी का सेवन कर सकते हैं। यह शरीर की विषाक्तता को कम करके लीवर और किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकता है। अगर आप चाहते हैं कि आपके शरीर की गंदगी अच्छे से साफ हो जाए तो सुबह खाली पेट इस पानी का सेवन जरूर करें।

### वजन कम करना

जीरा, सौंफ और धनिये का पानी पीने से आपके शरीर के बढ़ते वजन को नियंत्रित किया जा सकता है। इस पानी में कई ऐसे गुण होते हैं, जिससे आपका मेटाबॉलिज्म मजबूत होता है, जो वजन कम करने में कारगर होता है।



## डिनर के बाद भूलकर भी न करें यह गलतियां, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

हमेशा फिट रहने के लिए स्वस्थ आदतें बहुत जरूरी हैं। स्वस्थ आहार आपको शारीरिक रूप से सक्रिय रखने में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है। इस भागदौड़ भरी जिंदगी में जिस तरह की जीवनशैली और खान-पान का चलन हो गया है, उसके बीच खुद को फिट बनाए रखना काफी चुनौतीपूर्ण काम है। ज्यादातर लोग गलत तरीके से खाना खाते हैं, जिसके कारण कई तरह की बीमारियां उनकी तरफ आती रहती हैं। इसलिए अधिक तेल, वसायुक्त भोजन, जंक फूड, फास्ट फूड से बचने का प्रयास करना चाहिए। व्यक्ति को हमेशा स्वस्थ और संतुलित भोजन करना चाहिए।

**30 की उम्र के बाद फिट रहने के टिप्स :** अब जब खान-पान और जीवनशैली पूरी तरह से असंतुलित हो गई है तो सवाल यह है कि फिट कैसे रहा जाए। इसे लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हम खाना खाने का सही तरीका रखें और गलतियां न करें तो हम कभी भी अनफिट नहीं हो सकते। अगर डिनर के बाद कुछ गलतियां न की जाएं तो व्यक्ति 30 की उम्र के बाद भी फिट और हेल्दी रह सकता है



### रात को खाना खाने के बाद भूलकर भी न करें ऐसी गलतियां

**खाने के बाद स्क्रीन की ओर न देखें :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि आजकल ज्यादातर लोग रात में खाना खाने के दौरान या उसके बाद मोबाइल-टीवी देखते हैं। ये तरीका बिल्कुल भी सही नहीं है. इससे तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ सकता है और रात की नींद में भी खलल पड़ सकता है। इसलिए रात को खाना खाने के बाद कम से कम एक घंटे तक बिस्तर पर नहीं जाना चाहिए।

**खाने के तुरंत बाद आराम न करें :** ज्यादातर लोगों की आदत होती है कि वे रात में खाना खाने के बाद तुरंत सो जाते हैं। ये सबसे बड़ी गलती है इससे भोजन को पचाने के लिए एंजाइम रिलीज नहीं हो पाते और कई तरह की समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसलिए खाना खाने के तुरंत बाद बिस्तर पर न जाएं।

**धूम्रपान और शराब से बचें :** कुछ लोगों को रात में खाना खाने के बाद शराब या सिगरेट पीने की आदत होती है। ये तरीका भी बहुत गलत है। इससे तुरंत एसिड रिफ्लक्स, सीने में जलन, अपच जैसी समस्याएं हो सकती हैं। अगर कोई लंबे समय तक ऐसा करता है तो उसका शरीर बीमारियों का घर बन सकता है।

**सैर के लिए जाओ :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अगर आप फिट रहना चाहते हैं तो रात को खाना खाने के बाद थोड़ी देर टहलें। भले ही यह थोड़ा थका देने वाला काम हो, लेकिन इससे आपको आरामदायक नींद आएगी और आप फिट रहेंगे।

## अगर आपके भी घर के फर्नीचर में लग गया दीमक तो यह घरेलू उपाय आएंगे काम

अक्सर लोग घरों में दीमक लगने की समस्या से परेशान रहते हैं। दीमक ज्यादातर लकड़ी के सामान जैसे कि अलमारी, दरवाजे, खिड़कियां, फर्नीचर और टेबल आदि में लग जाते है। एक बार लग जाने पर ये लकड़ियों को अंदर से खोखला कर देते हैं। अगर समय रहते दीमक का इलाज नहीं किया तो ये बार-बार लगते रहेंगे और फिर आपको अपना लकड़ी का सामान फेंकना पड़ सकता है, जिससे आपका खर्च भी बढ़ेगा।

### नीम का तेल

नीम का तेल दीमक के खिलाफ बहुत असरदार होता है क्योंकि इसमें नेचुरल तत्व होते हैं जो दीमक को मार सकते हैं। आप नीम के तेल को स्प्रे बोतल में भरें और उसे दीमक लगे जगह पर छिड़कें। इसे कुछ दिनों तक रोज करें ताकि दीमक बिलकुल खत्म हो जाएं। इस सिंपल तरीके से आप दीमक से छुटकारा पा सकते हैं।

### विनेगर और लेमन जूस

विनेगर और नींबू का रस मिलाकर एक स्प्रे बनाएं. जो दीमक को भगाने में मदद करता है। इस खट्टे मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें और फिर इसे दीमक लगे हिस्सों पर छिड़कें।



### ऑरेंज ऑयल

ऑरेंज ऑयल में एक खास तत्व होता है जिसे डी-लिमोनीन कहते हैं। यह तत्व दीमक के लिए बहुत हानिकारक होता है। जब आप इस तेल को दीमक लगे इलाके में लगाते हैं, तो यह दीमक को मार देता है। इसका इस्तेमाल करके आप आसानी से और जल्दी से दीमक की समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

दीमक गीली और अंधेरी जगहों में रहना पसंद करते हैं इसलिए, अगर आपके फर्नीचर में दीमक लग गए हों, तो उन्हें धूप में रखने की कोशिश करें। धूप में रखने से फर्नीचर की नमी कम हो जाती है और दीमक खुद-ब-खुद मरने लगते हैं।

## चमकाना है अपना घर तो आजमाएं ये घरेलू नुस्खे, देखने वाले रह जाएंगे


धीरे-धीरे घर में जम गई गंदगी को निकालने के लिए लोग अपने घरों की डीप क्लीनिंग करते हैं लेकिन कई बार किचन, वॉशरूम या दूसरी जगहों पर ऐसे जिद्दी दाग लग जाते हैं, जिन्हें साफ करना थोड़ा मुश्किल लगता है। अगर आपको भी अपना घर चमकाना है तो यहां हम आपको कुछ शानदार क्लीनिंग ट्रिक्स बताने जा रहे हैं। आपके चमकते घर को देखकर लोग तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगे।



**इस तरह चमकाएं शीशे :** घर के दरवाजों, खिड़कियों और दूसरी जगह के शीशे को चमकाना चाहते हैं तो पेपर टॉवेल या फिर अखबार का इस्तेमाल करें। कुछ लोग कपड़े से शीशों को साफ करते हैं लेकिन इससे छोटे-छोटे फाइबर शीशे पर लग जाते हैं। आप पेपर टॉवेल या पुराने अखबार को गीला करके शीशे को साफ करें।

**विनेगर और बेकिंग सोडा :** किचन, बाथरूम और बरामदे की टाइल्स को चमनकाने के लिए विनेगर और बेकिंग सोडा का इस्तेमाल करें। इसके लिए आप पानी को गर्म करें। फिर उसमें बेकिंग सोडा और विनेगर मिलाएं। अब आप किसी कपड़े की मदद से टाइल्स को अच्छी तरह साफ करें। इससे जिद्दी दाग आसानी से साफ हो जाएंगे।

**बर्तन के लिए नारियल तेल :** सिर में लगाने वाला नारियल तेल बर्तनों को भी चमका सकता है। अगर स्टेनलेस स्टील के बर्तनों या दूसरी चीजों पर जमा गंदगी साफ नहीं हो पा रही है, तो इन्हें हटाने के लिए नारियल तेल का इस्तेमाल करें। सूती कपड़े में हल्का का नारियल तेल लें और बर्तन में रगड़ें।



















## फिल्म इवेंट

### छालीवुड

## पूरे छत्तीसगढ़ में 22 नवंबर से रिलीज होगी 'बेटा'



लीक से हटकर छत्तीसगढ़ी फिल्मों के निर्माता, निर्देशक एवं अभिनेता चंद्रशेखर चकोर लेकर आ रहे हैं छत्तीसगढ़ी पारिवारिक फिल्म 'बेटा'। यह फिल्म पूरे छत्तीसगढ़ में 22 नवंबर को रिलीज होगी। चकोर फिल्म द्वारा प्रस्तुत फिल्म बेटा में सबसे कम उम्र के नायक पुमंगराज के साथ नायिका हेमा शुक्ला की जोड़ी होगी। वहीं, सोन के नथनी फेम शालिनी विश्वकर्मा, शिव आनंद, लेखाश्री, घनश्याम वर्मा, सुदामा शर्मा, लक्ष्मीनारायण, बलराज पाठक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। इस फिल्म के गीतों को पहले ही काफी लोकप्रियता मिल चुकी है। खासकर लोरीगीत 'जुगुर जुगुर' और दाम्पत्य गीत 'तोर मोर संग' को संगीत खूब पसंद कर रहे हैं। यह फिल्म पारिवारिक पृष्ठभूमि पर आधारित है। छत्तीसगढ़ी के ग्रामीण अंचल के रीत-रिवाजों, परिवेश व वेशभूषा को शानदार ढंग से फिल्मांकन किया गया है। फिल्म में हास्य-परिहास के साथ के कई मार्मिक दृश्य हैं। निर्माता चंद्रशेखर चकोर इससे पहले 'गुरांवट' और 'चक्कर गुरुजी के' जैसी हिट फिल्म दे चुके हैं।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' में श्रद्धा कपूर नहीं, श्रीलीला करेंगी आइटम डांस नंबर




'पुष्पा 2' साल के आखिरी महीने में धमाल मचाने की तैयारी में है। 5 दिसंबर को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस बीच खबर है कि फिल्म में इस बार अल्लू अर्जुन के साथ खूबसूरत श्रीलीला आइटम डांस करने वाली हैं। पहले चर्चा थी कि इसके लिए श्रद्धा कपूर को अप्रोच किया गया है। लंबे समय से यह चर्चा रही है कि 'पुष्पा 2' में भी एक ऐसा ही धमाकेदार आइटम नंबर है। लेकिन, इस बार सामंथा नहीं होंगी। इस डांस नंबर के लिए जान्हवी कपूर से लेकर श्रद्धा कपूर तक का नाम आया। लेकिन अब ताजा जानकारी है कि यह गाना श्रीलीला की झोली में जा गिरा है। बीते दिनों यह कहा गया था कि 'स्त्री 2' की सुपर सक्सेस को देखते हुए मेकर्स ने श्रद्धा कपूर को 'पुष्पा 2' में आइटम डांस नंबर के लिए अप्रोच किया है। लेकिन अब बताया जा रहा है कि वहां बात नहीं बनी। ऐसे में अल्लू अर्जुन के साथ पर्दे पर अब खूबसूरत एक्ट्रेस और बेहतरीन डांसर श्रीलीला का जलवा देखने को मिलेगा। 'डेक्कन क्रॉनिकल' ने अपनी रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा है, 'अल्लू अर्जुन एक बेहतरीन डांसर हैं और बहुत कम ही लोग उनकी गति और खूबसूरती की बराबरी कर सकते हैं। मेकर्स ने श्रीलीला को 'पुष्पा द रूल' में एक खास गाने के लिए चुना है, क्योंकि वह एक बहुत ही अच्छी डांसर हैं।'

### हॉलीवुड

## सिनेमाघरों में बंद हो विज्ञापन, 'जोकर 2' के निर्देशक टॉड फिलिप्स ने क्यों की ये मांग?



'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' के निर्देशक टॉड फिलिप्स एक बार फिर सुर्खियों में हैं। हालांकि, इस बार टॉड अपनी किसी नई फिल्म के एलान को लेकर नहीं, बल्कि अपने एक सुझाव के कारण सुर्खियां बटोर रहे हैं। निर्देशक ने दर्शकों को सिनेमाई अनुभव देने के लिए थिएटर श्रृंखलाओं को एक खास सुझाव दिया है। उनका कहना है कि फिल्म दिखाने से पहले प्रदर्शित किए जाने वाले कमर्शियल को बंद किया जाना चाहिए। ऑस्कर विजेता टॉड फिलिप्स ने कहा, 'फिल्मों से पहले विज्ञापन दिखाना बंद करें। हमने अपने टिकटों के लिए भुगतान कर दिया है। हम वहां आने के लिए उत्साहित हैं। लेकिन,विज्ञापन सारे उत्साह पर पानी फेर देते हैं।' दूसरी ओर, 'फ्रीक्स एंड गीक्स' के निर्माता पॉल फेग का दृष्टिकोण अधिक सकारात्मक था, उन्होंने बदलते परिदृश्य को अपनाने और निरंतर विकास के दौर से गुजर रहे उद्योग में वास्तव में आगे बढ़ने के लिए स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों की प्रशंसा की। 'जोकरः फोली ए ड्यूक्स' यानी 'जोकर 2' की बात करें तो यह संगीतमय मनोवैज्ञानिक थ्रिलर इस साल अक्टूबर में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसने दर्शकों को पूरी तरह निराश किया। टॉड फिलिप्स के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी लागत वसूल करने के लिए भी संघर्ष करती नजर आई। वहीं, जब हॉलीवुड फिल्म 'जोकर' बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई थी तो इसने कमाई के कई सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। पहले पार्ट के कारण दर्शकों की उम्मीदें चरम पर थीं, लेकिन यह उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई।

## दिखेंगी सबसे ज्यादा खूबसूरत

लाइफ स्टाइल



शादी पार्टी के मौके पर सही पोशाक चुनना जरूरी है ताकि आप न केवल स्टाइलिश दिखें बल्कि आरामदायक भी महसूस करें। साड़ी हमेशा से ही महिलाओं की पहली पसंद रही है। कॉकटेल पार्टी के लिए आप शिफॉन या जॉर्जेट की साड़ी चुन सकती हैं, जिनपर हल्की कढ़ाई या सीक्विन वर्क हो। अगर आप कुछ अलग आजमाना चाहती हैं तो गाउन एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। सिल्क या नेट फैब्रिक का गाउन चुनें, जिसमें थोड़ा सा फ्लेयर हो ताकि आपका लुक मनोहर लगे। इसके साथ कम से कम गहने पहनें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे और आप सहज महसूस करें। अनारकली सूट भी पार्टी के लिए एक अच्छा विकल्प है। इसमें आपको पारंपरिक और आधुनिक दोनों ही अंदाज मिलते हैं। सिल्क या जॉर्जेट कपड़े का अनारकली सूट चुनें, जिसमें थोड़ी सी चमक हो, जैसे कि जरी की कारीगरी या सीक्विन वर्क।

# सर्दियों के दौरान घुंघराले बाल हो जाते हैं रूखे देखभाल करने के लिए अपनाएं आसान टिप्स

सर्दियों के मौसम में घुंघराले बाल वाली महिलाओं की परेशानी बढ़ जाती है, क्योंकि इस दौरान उनके बाल अधिक रूखे और बेजान हो जाते हैं। इस कारण उनके बाल टूटने लगते हैं और उनकी बनावट भी बिगड़ जाती है। ऐसे में आपको इस मौसम में अपने बालों की देखभाल करने के लिए इन तरीकों का पालन करना चाहिए। इनके जरिए आपके बाल स्वस्थ, चमकदार और नमी युक्त बन जाएंगे और उन्हें स्टाइल करना भी आसान हो जाएगा।

**डीप कंडीशनर का सहारा लें :** घुंघराले बाल सीधे बालों की तुलना में अधिक शुष्क और रूखे हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें उनकी नमी लौटने के लिए आप डीप कंडीशनर का इस्तेमाल कर सकती हैं। आपको हफ्ते में 2 बार बालों में कोई हाइड्रेटिंग मास्क लगाना चाहिए और खास तौर से घुंघराले बालों के लिए बनाए गए कंडीशनर उपयोग करने चाहिए। इससे आपके घुंघराले बालों की नमी बनी रहेगी और वे स्वस्थ रहेंगे।

**बालों को ठंडी हवा से बचाएं :** सर्दियों में ठंडी हवा चलती है, जिससे बालों की समस्याएं



बढ़ जाती है। ऐसे में घुंघराले बालों को सुरक्षित रखने के लिए आपको उन्हें ढककर रखना चाहिए। आप बालों को स्कार्फ या शौल की मदद से ढक सकती हैं या टोपी पहन सकती हैं। साथ ही, इस मौसम में आपको अपने बालों पर बिजली से चलने वाले स्टाइलिंग उपकरण भी कम इस्तेमाल करने चाहिए। आप घुंघराले बालों को नमी पहुंचाने के लिए ये 5 हेयर मास्क इस्तेमाल कर सकती हैं।

### सूखे बालों में कंघी न करें

कई महिलायें घुंघराले बालों को गीला किए बिना ही उनमें कंघी कर लेती हैं, जिससे वे रूखे बन जाते हैं। ऐसे में आपको सबसे पहले अपने बालों को हल्का गीला कर लेना चाहिए। इसके बाद ही अपने बालों में कंघी करें और उन्हें अच्छी तरह से सुलझा लें। इसके बाद आपको अपने घुंघराले बालों पर सीरम, मूज और लीव इन कंडीशनर लगाना चाहिए। आप अपने बालों की लंबाई बढ़ाने के लिए अंगूर के बीज का तेल इस्तेमाल कर सकती हैं।

### बाल कटवाते रहें

घुंघराले बाल जल्दी लंबे नहीं होते हैं, जिसके कारण कई महिलायें उन्हें कटवाने से बचती हैं। हालांकि, अपने बालों को समय-समय पर कटवाते रहना जरूरी होता है। ऐसा करने से 2 मुंहें बाल कट जाते हैं और बाल अधिक अस्वस्थ नहीं होते हैं। साथ ही बाल कटवाते रहने से वे जल्दी लंबे भी होने लगते हैं। आपको साल में कम से कम 2 बार अपने घुंघराले बाल जरूर कटवाने चाहिए।

## सूट में दिखना चाहती हैं सबसे खास, तो फॉलो करें यह टिप्स, देखते रह जाएंगे देखने वाले



फैशन

दीपावली के बाद देवउठनी ग्यारस और उसके बाद शादियों का सीजन शुरू। ऐसे समय में हर महिला चाहती है कि वह सबसे खास और आकर्षक दिखे। यूं तो महिलाएं अक्सर त्यौहारों पर साड़ियां पहनती हैं लेकिन अगर इस बार आप कुछ हटकर ट्राई कर सकती हैं। अगर आप भी सूट पहनने का प्लान कर रही हैं, तो बस इन्हें स्टाइलिश और मॉडर्न तरीके से पहनने के ये आसान टिप्स अपनाएं। चलिए जानते हैं कि आप अपने नार्मल सूट आउटफिट को और खूबसूरत और यूनिक कैसे बना सकती हैं।

**रंगों का चुनाव करें :** चमकदार रंग जैसे लाल, पीला, नारंगी, गोल्ड, और मरून चुनें। यह रंग त्योहार पर न केवल खूबसूरत दिखते हैं बल्कि एक रॉयल टच भी देते हैं। इस बार पेस्टल और फ्लोरल प्रिंट्स के साथ भी आप कुछ नया ट्राई कर सकती हैं।

**स्टाइलिश दुपट्टा कैरी करें :** एक नॉर्मल सूट को स्टाइलिश बनाने के लिए सुंदर और भारी वर्क वाला दुपट्टा कैरी करें। आप इसे एक तरफ से पिन करके या बेल्ट के साथ कस्टमाइज भी कर सकती हैं। बनारसी, चंदेरी या कढ़ाई वाले दुपट्टे आपके सूट को एकदम परफेक्ट फेस्टिव लुक देंगे।

**ज्वैलरी से करें ड्रेस को कम्पलीट :** सूट के साथ मैचिंग ज्वैलरी पहनें। झुमके, चूड़ियां, और मांगटीका जैसे ज्वैलरी पीस आपके सूट को और भी खूबसूरत बनाते हैं। खासकर, सिल्वर ऑक्सिडाइज्ड ज्वैलरी या पोल्की सेट्स, फेस्टिव लुक के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।



**फैशनेबल बॉटम्स ट्राई करें :** ट्रेंडी बॉटम्स जैसे पैंट स्टाइल सलवार, पलाजो, शरारा या घेरदार स्कर्ट के साथ सूट को मैच करें। यह लुक आपको मॉडर्न के साथ ट्रेडिशनल टच देगा और काफी ट्रेंडी भी लगेगा।

**बालों और मेकअप का रखें ख्याल :** सूट के साथ बालों को खुला छोड़ना एक क्लासिक लुक देता है। या फिर आप साइड ब्रेड्स या जुड़ा बना सकती हैं। साथ में हल्का ग्लॉसी मेकअप करें, लेकिन हाइलाइटर और सिंपल स्मोकी आई लुक के साथ डिफाइन करें ताकि एक ग्लोइंग फेस लुक मिले।

**फुटवियर का परफेक्ट चयन :** अपने लुक को पूरा करने के लिए जूतियां या मोजड़ी का चयन करें। ये आपके ट्रेडिशनल आउटफिट को पूरा लुक देंगी। आप चाहें तो हील्स भी पहन सकती हैं, पर ध्यान रखें कि वो कम्फर्टेबल हों ताकि त्योहार या फिर शादी की मस्ती में कोई रुकावट न आए।

## काले दिख रहे हाथ-पैर करना हैं साफ़ तो ये बॉडी पॉलिशिंग पैक आएगा काम

काम और साफ-सफाई की वजह से अक्सर महिलाओं व युवतियों के हाथ-पैर बहुत गंदे हो जाते हैं दिखने में काले लगते हैं। अब इन गंदे हाथ-पैरों को साफ करने के लिए अगर आप बहुत सारा टाइम नहीं बर्बाद करना चाहती हैं तो बस नहाने से पहले इस बॉडी पॉलिश करने वाले पैक को लगा लें। आधे घंटे में ही स्किन पर चमक दिखने लगेगी और सारी डेड स्किन साफ हो जाएगी। जानें कैसे बनाएं होममेड बॉडी पॉलिशिंग पैक।

**ऐसे बनाएं होममेड पैक :** एक से दो नींबू का रस। एक चुटकी बेकिंग सोडा। बेसन दो चम्मच। नारियल का तेल आधा चम्मच, शैंपू एक चम्मच, किसी कांच के बाउल में नींबू का रस और बेकिंग सोडा मिला लें। साथ ही इसमे शैंपू डालें। बेसन और थोड़ा सा नारियल का तेल डालकर पैक तैयार कर लें।





### ऐसे करें घर में बॉडी पॉलिशिंग

अब तैयार पैक को हाथ और पैर पर लगा लें। ध्यान रहे कि ये पैक चेहरे पर भूलकर भी ना लगाएं। नहीं तो बेकिंग सोडा फेस की नाजुक त्वचा पर नुकसान कर सकता है। हाथ-पैरों पर लगाकर आधे घंटे के लिए छोड़ दें। जब ये सूखने लगे तो हल्के हाथों से रगड़ें और साफ करें। फिर गुनगुने पानी से धो लें। नारियल का तेल स्किन के मॉइश्चर को बचाकर रखेगा और बेकिंग सोडा के साथ नींबू मिलकर स्किन पर जमा डेड स्किन को हटाने में मदद करेगा। जिससे हाथ-पैर की स्किन नेचुरली ग्लो करेगी और स्मूद नजर आएगी। लेकिन ध्यान रहे अगर स्किन संसेटिव है तो इस बॉडी पैक को ना लगाएं। इससे स्किन में इरिटेशन हो सकती है।

## आप भी अपनी सिंपल साड़ी के साथ देख रहीं हैं डिज़ाइनर ब्लाउज तो मौजूद हैं लेटेस्ट ऑप्शन

साड़ियां हर इंडियन विमेन के वॉर्डरोब का सबसे इंपोर्टेंट हिस्सा होती हैं। फिर चाहे बात डेली वियर की हो या किसी खास ऑकेजन की, अधिकतर महिलाएं साड़ी कैरी करना ही पसंद करती हैं। साड़ी का सबसे इंपोर्टेंट हिस्सा होता है ब्लाउज। यानी अगर ब्लाउज आपने सही ढंग से स्टिच करा लिया तो आपकी सिंपल साड़ी में भी जान आ जाती हैं, इसका उल्टा भी उतना ही सच है। तो चलिए आज हम आपको कुछ लेटेस्ट ब्लाउज की डिजाइन के बारे में बताने वाले हैं, आप इनमें से कोई भी डिजाइन अपने लिए सिलेक्ट कर सकती हैं।

**ट्रेंडी है ये डिजाइन :** अगर आप पूरी तरह से बैकलेस ब्लाउज पहनने में कंफर्टेबल फील नहीं करती हैं तो ये स्टाइलिश डिजाइन



भी आपको बैकलेस जितना फैंसी लुक दे सकता है। अगर आपकी साड़ी ज्यादा हेवी नहीं है तब तो आपको इस डिजाइन को जरूर सिलेक्ट कर लेना चाहिए। मैचिंग डोरी और लटकन के साथ ये आपको बेहद ही स्टाइलिश लुक देगा।

**स्क्वायर शेप कट :** आजकल ब्लाउज की बैक का पैटर्न भी काफी ट्रेंड में है। ये आपको बहुत ही यूनिक और स्टाइलिश लुक देगा। ये ब्लाउज पीस आप अपनी हेवी एंब्रॉयडरी वाली साड़ियों और सिल्क की साड़ियों के साथ स्टिच करा सकती हैं। इससे आपकी ओवरऑल साड़ी का लुक काफी निखर कर आएगा।

**डोरियों का खूबसूरत पैटर्न :** ब्लाउज डिजाइन हो और डोरी वाले ब्लाउज की बात ना हो, ऐसा भला कैसे हो सकता है। लेकिन वही पुराने ट्रेडिशनल डिजाइन की जगह क्यों ना ये लेटेस्ट पैटर्न ट्राई किया जाए। यकीन मानिए ये ब्लाउज डिजाइन आपको इतना यूनिक और स्टाइलिश लुक देगा कि आपकी सहेलियां भी इंप्रेस हो जाएंगी।

कार्नर न्यूज

## लहंगा स्टाइल करने के आसान टिप्स

# लहंगा है भारतीय महिलाओं का पसंदीदा परिधान जानिए इसे स्टाइल करने के आसान तरीके

*लहंगा सबसे मशहूर भारतीय परिधानों में से एक है, जो हर उम्र की महिलाओं को पसंद आता है। चाहे शादी हो, त्योहार हो या कोई खास अवसर, लहंगा पहनकर हर महिला खूबसूरत और आत्मविश्वासी महसूस करती है। भारत में कई अलग-अलग तरह के लहंगे पहने जाते हैं, जिन्हें विभिन्न तरीकों से स्टाइल किया जाता है। आज के फैशन टिप्स में लहंगे को स्टाइल करने के कुछ आसान तरीके जानते हैं, जिन्हें अपनाकर आप सबसे अलग और सुंदर दिख सकेंगी।*



### सही फिटिंग का करें चुनाव


सुंदर दिखने के लिए लहंगे की फिटिंग बहुत अहम होती है। अगर आपका लहंगा बहुत ढीला या बहुत टाइट होगा, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसलिए हमेशा अपने शरीर के आकार के अनुसार सही फिटिंग वाला लहंगा चुनें। कमर पर अच्छी तरह से फिट होने वाला लहंगा आपको पतला और आकर्षक दिखाएगा।

### सोच-समझकर चुनें ब्लाउज का डिजाइन

ब्लाउज का सही डिजाइन आपके लहंगे में चार-चांद लगाने का काम कर सकता है। अगर आपका ब्लाउज अच्छे से फिट नहीं होगा या उसका डिजाइन आपके शरीर के अनुरूप नहीं होगा, तो यह आपके पूरे लुक को खराब कर सकता है। इसलिए ब्लाउज का डिजाइन चुनते समय अपने शरीर की बनावट और आराम का ध्यान रखें।

### अलग अंदाज में ओढ़ें लहंगे का दुपट्टा

लहंगे के दुपट्टे को ओढ़ने का स्टाइल भी आपके लुक में बड़ा फर्क डाल सकता है। आप दुपट्टे को अलग-अलग तरीकों से ओढ़ सकती हैं, जैसे कि एक कंधे पर पिन करना, दोनों कंधों पर रखना या फिर कमर पर बेल्ट के साथ बांधना। इसके अलावा, आप दुपट्टे को सिर पर ओढ़कर भी एक पारंपरिक लुक पा सकती हैं।



### गहनों से निखारें अपना लुक

लहंगे के साथ गहने भी बहुत मायने रखते हैं। अगर आपका लहंगा पहले से ही भारी काम वाला है, तो भारी गहने पहनने से बचें और हल्के गहनों का चयन करें, ताकि संतुलन बना रहे। हार, झुमके, चूड़ियां आदि सबकुछ सोच-समझकर चुनें, ताकि वे आपके कपड़ों के साथ मेल खाएं और आपके लुक को और भी खास बनाएं। सही गहनों का चयन करने से आपका पूरा लुक निखर कर आएगा और आप सबसे अलग दिखेंगी।

### बालों में बनाएं आकर्षक हेयर स्टाइल

हेयर स्टाइल भी पूरे लुक में अहम भूमिका निभाती है। खुले बाल, जुड़ा या फिर चोटी, जो भी हेयरस्टाइल आप चुनती हैं, वह आपके लहंगे और चेहरे के अनुरूप होना चाहिए, ताकि आपका पूरा व्यक्तित्व निखर कर सामने आए। इन सभी टिप्स को ध्यान में रखकर आप अपने अगले अवसर पर सबसे अलग और खूबसूरत दिख सकती हैं। याद रखें कि आत्मविश्वास ही सबसे बड़ी खूबसूरती होती है, इसलिए जो भी पहनें उसमें खुद को आत्मविश्वासी महसूस करें।